●वर्ष : 16 ●अंक : 285 ●मूल्य : 02 रूपया मात्र पृष्ठ : 08

RNI No. DELHIN/2008/23928

Mfg & mkt by.. ANGEN PHARMACEUTICALS (OPC) PRIVATE LIMITED




Distributorship ke liye contact Karen . ( 9315755133 / ya email Karen) angenpharmaceuticals@gmail.com

दैनिक लोकतंत्र की शान

लोकतंत्र का स्तंभ

दिल्ली से प्रकाशित

शुक्रवार 07 फरवरी 2025

## समाचार

### निशिकांत दुबे का आरोप, वोट बैंक के लिए देश को बांटने को तैयार हैं राहुल गांधी

**दिल्ली।** भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने गुरुवार को विपक्ष के नेता राहुल गांधी की आलोचना करते हुए आरोप लगाया कि वह वोट बैंक के लिए देश को विभाजित करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जब तक वह सोमवार को सदन में अपने भाषण के दौरान लगाए गए अपने विभिन्न आरोपों को प्रमाणित नहीं कर देते, तब तक नेता प्रतिपक्ष के खिलाफ लोकसभा में विशेषाधिकार प्रस्ताव लाया जाएगा। राहुल पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि मैंने उनसे लोकसभा में जो कहा है उसे प्रमाणित करने के लिए कहा है, अगर वह ऐसा करते हैं तो अच्छा है अन्यथा उनके खिलाफ विशेषाधिकार प्रस्ताव लाया जाएगा। मैं कभी भी संसद का दुरुपयोग नहीं करता; मैं पूरे सबूत के साथ बातें कहता हूं। भाजपा सांसद ने कहा कि वह (राहुल गांधी) संसद, मंच और लोकतंत्र का दुरुपयोग करते हैं। पहली बार, हमारे पास एक ऐसा नेता है जिसे देश की चिंता नहीं है - लेकिन वोट बैंक के लिए, वह देश को उसी तरह विभाजित करने के लिए तैयार है जैसे जवाहर लाल नेहरू ने विभाजित किया और पाकिस्तान बनाया। राहुल गांधी ने केंद्र पर हमला बोलते हुए लोकसभा में कई आरोप लगाए जिनका बाद में केंद्रीय मंत्रियों ने खंडन किया। एलओपी ने कहा कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बात से इनकार किया था कि चीनी सेना हमारे क्षेत्र के अंदर थी। निशिकांत दुबे ने कहा कि चीन हमारे क्षेत्र के अंदर है इसका कारण महत्वपूर्ण है क्योंकि लोग सोचते हैं कि युद्ध सेनाओं और उनके हथियारों के बीच लड़े जाते हैं। लेकिन असल बात यह है कि युद्ध औद्योगिक प्रणालियों द्वारा लड़े जाते हैं, असल बात यह है कि चीन के पास एक औद्योगिक प्रणाली है जो हमारी औद्योगिक प्रणाली से कहीं अधिक मजबूत, कहीं बड़ी है और यही कारण है कि वे इस देश के अंदर आने की हिम्मत रखते हैं। चीन इस देश के अंदर इसलिए बैठा है क्योंकि 'मेक इन इंडिया' विफल हो गया है, चीन इस देश के अंदर इसलिए बैठा है क्योंकि भारत उत्पादन (उत्पादन को बढ़ावा देने) से इनकार कर रहा है और मुझे चिंता है कि भारत इस क्रांति को एक बार फिर चीनियों को सौंपने जा रहा है।

### श्रम मंत्रालय गिग श्रमिकों की पेंशन योजना के लिए केंद्रीय मंत्रिमंडल से मंजूरी मांगेगा

**दिल्ली।** श्रम मंत्रालय जल्द ही ऑनलाइन मंचों से जुड़े एक करोड़ गिग श्रमिकों के लिए पेंशन योजना लाने को केंद्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी मांगेगा। एक आधिकारिक सूत्र ने यह जानकारी देते हुए कहा कि इसके तहत हर लेनदेन से हुई आय से सामाजिक सुरक्षा योजना में योगदान दिया जाएगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस महीने की शुरुआत में पेश किए गए आम बजट में ऑनलाइन मंच से जुड़े एक करोड़ गिग श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा योजना शुरू करने की घोषणा की थी। उन्होंने अपने बजट भाषण में कहा था कि सरकार उन्हें पहचान पत्र देगी और ई-श्रम पोर्टल पर उनके पंजीकरण की सुविधा प्रदान करेगी। उन्होंने आगे कहा था कि इन श्रमिकों को पीएम जन आरोग्य योजना के तहत स्वास्थ्य सुविधा दी जाएगी।

# राज्यसभा में कांग्रेस पर जमकर बरसे पीएम मोदी

नूना न्यूज एजेंसी।



**दिल्ली।** संसद का बजट सत्र चल रहा है। राज्यसभा में आज हंगामा के बीच ही राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा हुई। वहीं, प्रधानमंत्री ने अभिभाषण पर जवाब भी दिया। लोकसभा में आज का दिन काफी हंगामेदार रहा। अमेरिका से निर्वासित अवैध भारतीय प्रवासियों के साथ हुए व्यवहार को लेकर विपक्ष सरकार पर जबरदस्त तरीके से हमलावर था। राज्यसभा में भी इस मुद्दे को उठाया गया। दोनों ही सदनों में खूब हंगामा हुआ। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इसको लेकर अपना बयान भी दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राज्यसभा में कहा कि राष्ट्रपति का अभिभाषण प्रेरक और प्रभावी था और हम सब के लिए आगे के काम करने का मार्गदर्शन भी था। उन्होंने तंज सकते हुए कहा कि कांग्रेस के मॉडल में सर्वोपरि है ह्यफैमिली फर्स्टह्व। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 के बाद देश को एक वैकल्पिक मॉडल, एक वैकल्पिक कार्यशैली देखने को मिली जिसमें तुष्टीकरण नहीं संतुष्टीकरण पर जोर दिया जाता है। हमने सामान्य वर्ग के गरीबों को दस प्रतिशत का आरक्षण दिया जिसका एससी, एसटी और ओबीसी समाज ने स्वागत किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि जिसे कोई नहीं पूछता, उसे मोदी पूजता है। गरीब और वंचित का कल्याण हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर से कांग्रेस को कितनी नफरत थी, उनके प्रति कांग्रेस में इतना गुस्सा था कि उनकी (बाबा साहेब) की हर बात से कांग्रेस चिढ़ जाती थी। आज कांग्रेस को मजबूरन 'जय भीम' बोलना पड़ रहा है। कांग्रेस की राजनीति का मंत्र हमेशा दूसरे की लकीर छोटी करना रहा...इसके कारण उन्होंने सरकारों को अस्थिर किया। उन्होंने कहा कि इस देश ने इमरजेंसी का दौर भी देखा है। संविधान को किस प्रकार कुचला गया, संविधान की स्पिरिट को सत्ता सुख के लिए किस प्रकार रौंदा गया था, ये देश जानता है। पीएम मोदी ने सदन में पढ़ा शेर... - विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बृहस्पतिवार को राज्यसभा में कहा कि अमेरिका में बिना दस्तावेजों के रह रहे भारतीयों को निर्वासित किए जाने की प्रक्रिया नयी नहीं है और यह सभी देशों का दायित्व है कि यदि उनके नागरिक विदेशों में अवैध रूप से रह रहे हैं तो उन्हें वापस ले। राज्यसभा में इस संबंध में एक बयान देते हुए जयशंकर ने यह भी कहा, हम यह सुनिश्चित करने के लिए अमेरिका की सरकार के साथ बातचीत कर रहे हैं कि निर्वासित लोगों के साथ दुर्व्यवहार न हो। उन्होंने कहा, यह सभी देशों का दायित्व है कि यदि उनके नागरिक विदेश में अवैध रूप से रह रहे पाए जाते हैं तो वे अपने नागरिकों को वापस लें। यह नीति केवल एक देश पर लागू नहीं है। निर्वासन की प्रक्रिया कोई नयी नहीं है, यह कई वर्षों से है। - राज्यसभा में बृहस्पतिवार को कांग्रेस के एक सदस्य ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के कारण आचार संहिता लागू होने के बावजूद राष्ट्रपति अभिभाषण एवं आम बजट में सरकार द्वारा की गयी घोषणाओं को आचार संहिता का उल्लंघन करार देते हुए कहा कि अगली बार निर्वाचन आयोग को इस पर ध्यान देना चाहिए। उच्च सदन में राष्ट्रपति अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा को आगे बढ़ाते हुए कांग्रेस के राजीव शुक्ला ने प्रश्न किया कि क्या राजनीति चुनाव के लिए ही होती है अथवा कुछ काम करने के लिए भी होती है? उन्होंने कहा कि जब चुनाव होने वाले होते हैं तो उस राज्य विशेष, वहां की संस्कृति, खानपान, पहनावे आदि की चर्चा होती है और चुनाव हो जाने के बाद उस राज्य को भुला दिया जाता है।

## ज्वलंत मुद्दा

## सम्पादकीय



### भारत में आर्थिक विकास दर को 8 प्रतिशत से ऊपर ले जाने के हो रहे हैं प्रयास

विश्व के कुछ देशों में सत्ता परिवर्तन के बाद आर्थिक क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण परिवर्तन होते हुए दिखाई दे रहे हैं। विशेष रूप से अमेरिका में राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रम्प विभिन्न देशों को लगातार धमकी दे रहे हैं कि वे इन देशों से अमेरिका में होने वाले आयात पर कर की दर में वृद्धि कर देंगे। दिनांक 4 फरवरी 2025 से कनाडा एवं मेक्सिको से अमेरिका में होने वाले उत्पादों के आयात पर 20 प्रतिशत एवं चीन से होने वाले आयात पर 10 प्रतिशत का आयात कर लगा दिया है। वैश्विक स्तर पर उक्त प्रकार की उथल पुथल के अतिरिक्त रूस यूक्रेन युद्ध जारी ही है एवं कुछ समय पूर्व तक हमास इजराईल युद्ध भी चलता ही रहा था। वैश्विक स्तर पर उक्त विपरीत परिस्थितियों के बीच भी भारत, अपनी आर्थिक विकास दर को कायम रखते हुए, विश्व की सबसे तेज गति से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था बना हुआ है। हां, वित्तीय वर्ष 2024-25 की प्रथम दो तिमाहियों में सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर गिरकर 5.2 प्रतिशत एवं 5.3 प्रतिशत क्रमशः के आसपास रही है। भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है। यदि भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है तो आगे आने वाले दो दशकों तक आर्थिक विकास दर को 8 प्रतिशत से ऊपर रखना आवश्यक होगा। अतः केंद्र सरकार द्वारा भारत की आर्थिक विकास दर को इस वित्तीय वर्ष की दो तिमाहियों में दर्ज की गई लगभग 5.3 प्रतिशत की आर्थिक विकास दर को 8 प्रतिशत से ऊपर ले जाने के प्रयास किए जा रहे हैं। अभी हाल ही में केंद्र सरकार की वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारामन ने लोक सभा में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए केंद्रीय बजट पेश किया है। इस बजट के माध्यम से ऐसे कई निर्णय लिए गए हैं जिससे देश की आर्थिक विकास दर पुनः एक बार 8 प्रतिशत से ऊपर निकल जाए। दरअसल, आज देश में उत्पादों की मांग को बढ़ाना अति आवश्यक है जो पिछले कुछ समय से लगातार कम होती दिखाई दे रही है। इसके लिए आम नागरिकों के हाथों में अधिक धनराशि उपलब्ध रहे।

SYED ZAKI HAIDER
( EDITOR / PUBLISHER CUM MANAGING DIRECTOR
OF NAI UMMEED NEWS AGENCY
MOBILE NO. 9911371802
EMAIL SYEDZAKIHAIDER786@GMAIL.COM

# जयपुर में बड़ा सड़क हादसा, कार-रोडवेज बस की टक्कर में 8 लोगों की मौत

नूना न्यूज एजेंसी।



**जयपुर।** जयपुर के दूदू में ठल्-48 मोखमपुरा के पास एक भीषण सड़क हादसा हुआ. रोडवेज बस का टायर फटने से बेकाबू बस कार से टकरा गई, जिससे 8 लोगों की मौत हो गई और 6 से ज्यादा लोग घायल हो गए। रोडवेज बस जयपुर से अजमेर जा रही थी. ईको कार इसी बस के पास चल रही थी। इसी दौरान अचानक रोडवेज बस का टायर फट गया और रोडवेज बस ईको कार में घुस गई. हादसे में ईको कार में सवार 8 लोगों की मौत हो गई. कार में सवार सभी लोग भीलवाड़ा के रहने वाले थे। जानकारी के अनुसार यह हादसा जयपुर के पास दूदू में एनएच-48 मोखमपुरा के पास हुई। हादसे से जुड़ी कई तस्वीरें और वीडियो भी सामने आई है. हादसे की शिकार हुई कार के परखच्चे उड़ गए। मिली जानकारी के अनुसार, जयपुर-अजमेर राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक भीषण सड़क हादसा हुआ. एक कार का अचानक टायर फट गया, जिससे कार बेकाबू होकर हवा में उछल गई. इसके बाद डिवाइडर कूदकर दूसरी तरफ जा रही रोडवेज बस से टक्कर हो गई। इस हादसे में कार सवार 8 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में मरने वाले सभी लोग भीलवाड़ा के रहने वाले थे। बताया गया कि ये सभी महाकुंभ जा रहे थे. हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। हादसे के बारे में एसपी आनंद कुमार शर्मा ने बताया- रोडवेज बस जयपुर से अजमेर जा रही थी. वहीं ईको कार अजमेर से जयपुर की ओर आ रही थी. इसी दौरान मौखमपुरा के पास अचानक रोडवेज बस का टायर फट गया। जिससे बस बेकाबू हो गई. उसने डिवाइडर कूदकर दूसरी तरफ से आ रही कार को टक्कर मार दी। बस की टक्कर से ईको कार बुरी तरह पिचक गई. उसके अंदर बैठे सभी 8 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई. हादसे के बाद कुछ देर के लिए जाम की स्थिति भी हुई. हादसे में हताहत हुए लोगों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। हादसे की सूचना भीलवाड़ा पहुंचते ही वस्त्रनगरी में मातम पसर गया है।

# सुरक्षा सुनिश्चित हो: आसाराम डॉक्यूमेंट्री मामले में धमकियों वाली अर्जी पर सुप्रीम कोर्ट का पुलिस को निर्देश

### ›› आसाराम पर डॉक्यूमेंट्री के बाद धमकी का मामला

कोर्ट में दायर याचिका में कहा गया था कि डिस्कवरी प्लस OTT प्लेटफार्म पर शो रिलीज होने के बाद सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर उन्हें धमकियां मिल रही है, जबकि ये शो पूरी तरह से पब्लिक रिकॉर्ड, कोर्ट रिकॉर्ड और गवाहों के बयान पर आधारित है. आज सुनवाई के दौरान डिस्कवरी की ओर से पेश वकील ने दलील दी कि शो के रिलीज होने के बाद लगातार मिल रही धमकियों के मद्देनजर ऐसी सूरत में उनके लिए यात्रा करना मुश्किल हो गया है। पुलिस ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है, जिसके चलते कर्मचारी घर बैठने को मजबूर है।

### ››› डिस्कवरी इंडिया के कर्मचारियों की सुरक्षा का आदेश

सुप्रीम कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई करते हुए नोटिस जारी किया. इस दौरान कोर्ट ने पुलिस ऑथोरिटी को डिस्कवरी इंडिया के कर्मचारियों को सुरक्षा सुनिश्चित करने को कहा है, ताकि वे लोग अपने दफ़्तर में काम कर सके। इस मामले पर कोर्ट आगे की सुनवाई मार्च के पहले हफ्ते में करेगा।

### ›› याचिका में की गई थी क्या मांग?

याचिका में कहा गया था कि 'कल्ट ऑफ फियर-आसाराम बापू' नामक डॉक्यूमेंट्री के रिलीज होने के बाद, ब्रॉडकास्टर्स के सोशल मीडिया अकाउंट पर डिस्कवरी और इससे जुड़े लोगों के खिलाफ कई नफरत भरी टिप्पणियां प्राप्त हुईं. सुनवाई के दौरान याचिकाकताओं का प्रतिनिधित्व करने वाले वरिष्ठ वकील अभिनव मुखर्जी ने कहा कि याचिकाकताओं के लिए देश भर में स्वतंत्र रूप से यात्रा करना कठिन होता जा रहा है. पुलिस ने कुछ नहीं किया. कर्मचारियों से काम पर न आने को कहा गया।

नूना न्यूज एजेंसी।

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने नाबालिग के साथ रेप के आरोप में जेल में बंद आसाराम पर डॉक्यूमेंट्री के चलते खतरे और धमकियों का सामना कर रहे डिस्कवरी चैनल के अधिकारियों और प्रॉपर्टी की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आदेश दिया है। डिस्कवरी कम्युनिकेशन इंडिया और उसके अधिकारियों की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने ये नोटिस जारी किया है। इस याचिका पर सुनवाई उखक संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की बेंच कर रही थी। सुप्रीम कोर्ट ने डिस्कवरी कम्युनिकेशंस इंडिया के अधिकारियों और संपत्ति को अंतरिम सुरक्षा देने के आदेश दिया सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र , कर्नाटक, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, दिल्ली, हरियाणा, तेलंगाना सरकारों को नोटिस जारी किया 3 मार्च से शुरू होने वाले हफ्ते में होगी सुनवाई डिस्कवरी ने कहा है कि डॉक्यूमेंट्री के बाद कंपनी और कर्मचारियों को आसाराम के कथित समर्थकों से धमकियां मिल रही हैं।

# नए फॉर्मेट में होगी परीक्षा पे चर्चा

## पीएम मोदी के अलावा ये हस्तियां देंगी छात्रों को टिप्स

### ›› 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम में कौन-कौन शामिल होगा?

कार्यक्रम में कई प्रमुख लोग हिस्सा लेंगे, इनमें सद्गुरु, दीपिका पादुकोण, मैरी कॉम, अवनी लेखरा, रुजुता दिवेकर, सोनाली सभरवाल, फूडफार्मर, विक्रांत मैसी, भूमि पेडनेकर, टेक्निकल गुरुजी और राधिका गुप्ता शामिल हैं। पीपीसी एक वार्षिक कार्यक्रम है जिसमें प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी बोर्ड परीक्षाओं में शामिल होने वाले छात्रों के साथ बातचीत करते हैं। कार्यक्रम के दौरान, वह छात्रों के परीक्षा तनाव और अन्य मुद्दों से संबंधित सवालों के जवाब भी देते हैं।




नूना न्यूज एजेंसी।

**दिल्ली।** परीक्षा पर चर्चा के 8वें एडिशन की तारीख सामने आ गई है। 'इस वर्ष एक नए प्रारूप और शैली में आयोजित किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परीक्षाओं पर संवाद कार्यक्रम में कई अन्य विशेषज्ञ भी शामिल होंगे। 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम में समाज के सभी क्षेत्रों की मशहूर हस्तियां और प्रतिष्ठित हस्तियां मौजूद रहेंगी। सद्गुरु, मैरी कॉम, दीपिका पादुकोण और विक्रांत मेस्सी सहित गणमान्य लोग 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम में छात्रों को परीक्षा संबंधी टिप्स देते नजर आएंगे। पीएम मोदी के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का यह 8वां संस्करण है. इस वर्ष इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए तीन करोड़ से अधिक छात्रों ने पंजीकरण कराया है। परीक्षा पे चर्चा का नया प्रारूप 10 फरवरी को प्रसारित किया जाएगा। पीएम मोदी के साथ-साथ अलग-अलग क्षेत्रों के अन्य लोग परीक्षा के दौरान तनाव से उबरने के टिप्स देते नजर आएंगे। आमतौर पर बोर्ड परीक्षाओं से पहले होने वाली इस चर्चा में अब तक सिर्फ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही छात्रों को परीक्षा से जुड़े तनाव को दूर करने के टिप्स देते नजर आए थे। लेकिन इस बार ये लोग छात्रों को परीक्षा के लिए तनाव मुक्त रहने के टिप्स भी देते नजर आएंगे।

### महाराष्ट्रः मंत्री ने मुंबई मेट्रो रेल सेवा का विस्तार दहिसर तक करने की मांग की


**महाराष्ट्र।** के परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने यात्रियों को राहत देने के लिए बृहस्पतिवार को मुंबई मेट्रो रेल सेवाओं का विस्तार उपनगरीय दहिसर तक करने की आवश्यकता पर बल दिया।

ठाणे जिले के मीरा-भायंदर टाउनशिप में बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के निरीक्षण के दौरान उन्होंने पत्रकारों से बात की। सरनाईक ने कहा, मीरा-भायंदर के लोगों को न्याय चाहिए। स्थानीय निवासियों को परेशानी मुक्त परिवहन सुविधा प्रदान करने के लिए मुंबई मेट्रो रेल को इस वर्ष के अंत तक दहिसर तक चालू किया जाना चाहिए। उन्होंने मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) के अधिकारियों को परियोजना में तेजी लाने का निर्देश देते हुए कहा कि बेहतर संपर्क प्रदान करने और भीड़भाड़ को कम करने के लिए इसका प्राथमिकता से विस्तार हो।

# विवाद के बीच यूजीसी ने उठाया ये बड़ा कदम

## अब 28 फरवरी तक हो सकेंगे ये काम

नूना न्यूज एजेंसी।




**दिल्ली।** यूजीसी ने यूजीसी विनियम 2025 के मसौदे पर प्रतिक्रिया प्रस्तुत करने की समय सीमा 28 फरवरी तक बढ़ा दी है। यूजीसी के नए मसौदा दिशानिर्देशों के अनुसार, उम्मीदवार अब अपने द्वारा चुने गए किसी भी विषय में यूजीसी-नेट उत्तीर्ण करके उच्च शिक्षा संस्थानों में संकाय पदों के लिए अर्हता प्राप्त कर सकते हैं, भले ही उनकी स्नातक और स्नातकोत्तर डिग्री अलग-अलग क्षेत्रों में हों। दिशानिर्देश कुलपतियों के चयन के तरीके में बदलाव का भी सुझाव देते हैं। पात्रता मानदंड में अब शिक्षा, अनुसंधान संस्थानों, सार्वजनिक नीति, सार्वजनिक प्रशासन और उद्योग के पेशेवर शामिल होंगे। 10 जनवरी को यूजीसी के अध्यक्ष एम. जगदेश कुमार ने इन बदलावों का समर्थन करते हुए कहा कि नए नियम भ्रम दूर करेंगे और पारदर्शिता सुनिश्चित करेंगे। एएनआई के साथ एक साक्षात्कार में, उन्होंने बताया कि चांसलर अब खोज सह चयन समिति का गठन करेंगे, एक विवरण जिसका 2018 के नियमों में उल्लेख नहीं किया गया था। कांग्रेस नेता राहुल गांधी, समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव और कई डीएमके सांसदों ने आज दिल्ली में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के मसौदा नियमों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लिया। डीएमके छात्रों ने राष्ट्रीय राजधानी में जंतर-मंतर पर सुबह 10 बजे अपना विरोध प्रदर्शन शुरू किया, जिसमें इंडिया ब्लॉक के नेता भी शामिल हुए। इससे पहले, 9 जनवरी को तमिलनाडु विधानसभा ने मसौदा नियमों के खिलाफ एक प्रस्ताव पारित किया था, जिसमें उन्हें वापस लेने का आह्वान किया गया था। छह राज्यों ने एक संयुक्त प्रस्ताव पारित कर यूजीसी विनियम 2025 के मसौदे को वापस लेने की मांग की है, जो विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में शिक्षकों और शैक्षणिक कर्मचारियों को नियुक्त करने और पदोन्नत करने के लिए न्यूनतम योग्यता की रूपरेखा तैयार करता है।

# आयुष्मान योजना से कैंसर के इलाज में हुआ काफी सुधार : डॉक्टर सुभाष

**नई दिल्ली।** डॉक्टर सुभाष ने कैंसर की बीमारी और देश में आयुष्मान योजना से मिल रहे लाभ के बारे में आईएएनएस से खास बातचीत की। उन्होंने आयुष्मान योजना शुरू करने के लिए पीएम मोदी की सराहना भी की. डॉक्टर सुभाष ने आईएएनएस से बातचीत में कहा, "इस योजना और पहल के साथ मैं देख सकता हूं कि कैंसर के इलाज में काफी सुधार हुआ है। पहले मरीज अपना इलाज पूरा करने में असमर्थ थे या समय पर इलाज नहीं मिल पाने के कारण उनका इलाज प्रभावित होता था, लेकिन अब मैं देख सकता हूं कि अनगिनत मरीज समय पर और सस्ते इलाज से लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, "मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों की सराहना करता हूं, जिन्होंने सभी मरीजों, विशेष रूप से कैंसर के मरीजों, जो समाज में सबसे ज्यादा कमजोर होते हैं, उनके लिए सस्ती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए काम किया है। डॉक्टर सुभाष ने कहा, "लैंसेट में इसके बारे में एक बहुत ही दिलचस्प लेख है, जिसमें कैंसर रोगियों के लिए समय पर उपचार तक पहुंच के बारे में चर्चा की गई है. पिछले कई सालों से चेन्नई में एक अभ्यास करने वाले ऑन्कोलॉजिस्ट के रूप में, मैं देख सकता हूं कि यह योजना कैंसर के इलाज तक पहुंच में एक बड़ी संख्या में मरीजों को लाभान्वित कर रही है। उन्होंने कहा, "पहले इन मरीजों को कैंसर के इलाज तक पहुंचने के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती थी और साथ ही उनके कैंसर का निदान और उपचार होने में भी काफी समय लगता था, लेकिन इस योजना के साथ मैं देख सकता हूं कि कैंसर का इलाज हासिल करने में काफी सुधार हुआ है। पहले मरीज अपना इलाज पूरा कराने में असमर्थ थे और उन्हें समय पर इलाज भी नहीं मिल पाता था।

## सार संक्षेप

### दुबई में हर साल होगा यह वैश्विक शांति सम्मेलन, भारत से कैलाश सत्यार्थी, बाबा रामदेव समेत प्रमुख हस्तियां शामिल

नई दिल्ली : दुबई 12-13 अप्रैल को दुनिया के सबसे बड़े शिखर सम्मेलन ग्लोबल जस्टिस, लव एंड पीस समिट की मेजबानी करेगा। वन प्लानेट, वन वॉयसः ग्लोबल जस्टिस, लव एंड पीस थीम के तहत आयोजित इस समिट में 2,800 से अधिक पीसकीपर्स और 72 प्रसिद्ध वक्ता भाग लेंगे, जिनमें 10 नोबेल पुरस्कार विजेता भी शामिल होंगे। आई एम पीसकीपर मूवमेंट द्वारा आयोजित इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में नीति निमार्ता, उद्यमी, सांस्कृतिक आइकॉन, खेल जगत के सितारे और न्याय व शांति समर्थक शामिल होंगे। भारत से भी प्रमुख हस्तियां भाग लेंगी, जिनमें नोबेल पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी और योग गुरु बाबा रामदेव के साथ बॉलीवुड, कॉर्पोरेट, साहित्य और समाजसेवा जगत के दिग्गज शामिल हैं। शिखर सम्मेलन को यूएई के सहिष्णुता मंत्री महामहिम शेख नाहयान मबारक अल नाहयान का संरक्षण प्राप्त है, जबकि उद्घाटन की घोषणा आई एम पीसकीपर मूवमेंट के अध्यक्ष डॉ. हुजैफा खोराकीवाला ने की। उन्होंने बताया कि यह मंच वैश्विक दूरदर्शी नेताओं को न्याय, प्रेम और शांति के लिए एकजुट करेगा। यूएई की सहिष्णुता और सद्भावना को देखते हुए दुबई को इस समिट की मेजबानी के लिए चुना गया है। यह वार्षिक आयोजन दुबई को शांति और समानता की वैश्विक राजधानी के रूप में स्थापित करेगा।

### भारत की आर्थिक वृद्धि के साथ वित्तीय सेवाओं का बढ़ता विस्तार

नई दिल्ली : एचएसबीसी म्यूचुअल फंड ने एचएसबीसी फाइनेंशियल सर्विसेज फंड लॉन्च करने की घोषणा की है, जो वित्तीय सेवाओं के क्षेत्र में निवेश करने वाली एक ओपन-एंडेड इक्विटी योजना है। इसका नया फंड ऑफर 6 फरवरी को खुलेगा और 20 फरवरी को बंद होगा। यह फंड बैंकिंग, बीमा, फिनटेक, माइक्रोफाइनेंस, स्टॉक ब्रोकिंग और निवेश बैंकिंग जैसे क्षेत्रों में निवेश करेगा। इसका प्रबंधन गौतम भूपल और उनकी टीम द्वारा किया जाएगा। इस योजना का उद्देश्य वित्तीय सेवाओं के व्यवसायों में लगी कंपनियों के इक्विटी और इक्विटी से संबंधित सिक्योरिटीज में निवेश करके लंबी अवधि के लिए पूंजी लाभ प्राप्त करना है। एचएसबीसी म्यूचुअल फंड के सीईओ कैलाश कुलकर्णी के अनुसार, 2047 तक भारत की जीडीपी के 30 ट्रिलियन डालर तक पहुंचने का अनुमान है, जिससे वित्तीय क्षेत्र में दोगुनी वृद्धि की संभावना है। इस योजना का उद्देश्य वित्तीय समावेशन, डिजिटलीकरण और नियामक सुधारों से उत्पन्न अवसरों का लाभ उठाना है। फंड बीएसई फाइनेंशियल सर्विसेज इंडेक्स ट्राई को ट्रैक करेगा।

### विद्यालय में अब छात्राएं घर ले जा सकेंगी शुद्ध पेयजल, 6 स्तरीय जल शुद्धिकरण संयंत्र स्थापित

गुरुग्राम : सेफ वॉटर नैटवर्क, एक पंजीकृत गैर-लाभकारी ट्रस्ट, ने पेंटेयर के सहयोग से हरियाणा के जैकबपुरा, गुरुग्राम स्थित गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सुरक्षित पेयजल सुविधा शुरू की है। पेंटेयर एक अग्रणी वैश्विक कंपनी है जो जल संसाधनों के सतत संरक्षण और सुधार के लिए कार्यरत है। इस उद्घाटन समारोह में पेंटेयर इंडिया की वरिष्ठ नेतृत्व टीम के सदस्य अजीत तुलो (वाइस प्रेसिडेंट, ग्लोबल इंजीनियरिंग सेंटर), प्रशांत त्रिपाठी , मयंक भटनागर, आंचल वर्मा और सोनल गोला उपस्थित रहे। क्लीन वाटर एंड एनर्जी ट्रस्ट की ओर से संदीप शर्मा और पंकज कुमार मोदी ने भी जल शोधन संयंत्र के दीर्घकालिक संचालन और रखरखाव को सुनिश्चित करने के लिए भाग लिया। जैकबपुरा के इस विद्यालय में 23 सौ छात्राएं अध्ययनरत हैं, लेकिन अब तक शुद्ध पेयजल की सुविधा उपलब्ध नहीं थी। पेंटेयर के अनुदान से सेफ वॉटर नेटवर्क इंडिया ने यहां 500 लीटर प्रति घंटे की क्षमता वाला, छह-स्तरीय जल शुद्धिकरण संयंत्र स्थापित किया। इससे अब छात्राएं और स्टाफ स्कूल में स्वच्छ पानी पीने के साथ अपनी पानी की बोतलें भरकर घर भी ले जा सकते हैं। वाइस प्रैजिडेंट, अजीत तुलो ने कहा, बच्चों के स्वास्थ्य और भलाई को सुनिश्चित करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। हमने सेफ वॉटर नैटवर्क के साथ मिलकर कई समुदायों और अस्पतालों में जल सुविधाएं उपलब्ध कराई हैं। विद्यालय प्रशासन ने भी पेंटेयर और सेफ वॉटर नैटवर्क का आभार व्यक्त किया।

## श्री जयराम रमेश, संसद सदस्य, महासचिव (संचार) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, द्वारा जारी बयान



नई दिल्ली। 06 फरवरी। 2025 गुजरात सरकार ने राज्य में लागू की जाने वाली समान नागरिक संहिता तैयार करने के लिए एक पैनल के गठन की घोषणा की है। यह घोषणा उत्तराखंड सरकार द्वारा हाल ही में राज्य में समान नागरिक संहिता (UCC) लागू करने के बाद की गई है , हालांकि, अनुसूचित जनजातियों को इसमें छूट दी गई है। मोदी सरकार द्वारा नियुक्त 21वें विधि आयोग ने 31 अगस्त, 2018 को 182 पृष्ठों का पारिवारिक कानून में सुधार पर परामर्श पत्र प्रस्तुत किया था। उस परामर्श पत्र के पैरा 1.15 में निम्न बातें कही गयी हैं। भारतीय संस्कृति की विविधता को सराहा जा सकता है और सराहना किया जाना चाहिए, लेकिन इस प्रक्रिया में किसी विशिष्ट समूह या समाज के कमजोर वर्गों को वंचित नहीं किया जाना चाहिए। इस संघर्ष के समाधान का मतलब सभी मतभेदों को खत्म करना नहीं है। इसलिए, इस आयोग ने समान नागरिक संहिता प्रदान करने के बजाय उन कानूनों से निपटा है जो भेदभावपूर्ण हैं, क्योंकि वर्तमान समय में समान नागरिक संहिता न तो आवश्यक है और न ही उसकी जरूरत। अधिकांश देश अब विविधताओं को स्वीकार करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं, और केवल भिन्नता का अस्तित्व भेदभाव का संकेत नहीं देता, बल्कि एक सशक्त लोकतंत्र का प्रतीक है। इसके बाद, 14 जून, 2023 को प्रकाशित एक प्रेस नोट में, भारत के 22वें विधि आयोग ने समान नागरिक संहिता के विषय की जांच करने के अपने इरादे को अधिसूचित किया। प्रेस नोट में स्पष्ट किया गया कि यह कार्य विधि एवं न्याय मंत्रालय द्वारा भेजे गए संदर्भ पर किया जा रहा है। हालाँकि, 22वें विधि आयोग को समान नागरिक संहिता पर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत किए बिना 31 अगस्त 2024 को समाप्त कर दिया गया। 23वें विधि आयोग की घोषणा 3 सितंबर, 2024 को की गई थी, लेकिन इसकी संरचना अभी तक सार्वजनिक नहीं की गई है। उत्तराखंड सरकार द्वारा लागू समान नागरिक संहिता (वउउ) खराब तरीके से तैयार किया गया कानून है, जो अत्यधिक हस्तक्षेपकारी है। यह किसी भी तरह से कानूनी सुधार का साधन नहीं है, क्योंकि इसमें पिछले दशक में पारिवारिक कानून को लेकर उठाई गई वास्तविक चिंताओं का कोई समाधान नहीं दिया गया है। इसे जबरन भाजपा के विभाजनकारी एजेंडे के एक अभिन्न हिस्से के रूप में लागू किया गया है। भारतीय संविधान का अनुच्छेद 44 को स्वीकार करते समय संविधान सभा ने भी यह कल्पना नहीं की होगी कि बाद में चलकर विभिन्न राज्यों की विधानसभाओं द्वारा अलग-अलग समान नागरिक संहिताएँ पारित की जाएंगी।

## गणित विकास का या मृत्यु के आँकड़ों के छिपाव का

– जॉ.जया शुक्ला



**दिल्ली।** ये बदनसीबीहै कि मोदी और योगी जैस पीएम और सीएम हैं। इनको केवल कुसीर्की चिंताहै।अब पता चल रहा है कि प्रयागराजमें एकदो नहीं बल्कि दर्जनों जगहों पर भगदड़ मची थी। करीब 1500 सेअधिक लोगोंकी मौतें हुईं। यही कारणहै कि आजभी हर रोज दर्जनों नई लाशें मिल रही हैं। प्रयागराजके स्टैंडों पर 10 दिनसे सैकड़ों लाशें लावारिस पड़ीहैं। भगदड़ में घायल हुई महिलाएं बता रहीहैं कि कैसे जिंदा लोगोंको इलाज देनकी जगह पुलिसवाले गंगामें बहानेकी योजना बना रहे थे, ताकि लोगोंको पताही न चले। भगदड़के दिनसे करीब 10 हजार से अधिकलोग गायबहैं।ये लोग देश की जनता को कीड़ा- मकोड़ा समझते हैं। ऐसे ही कोविड महामारीमें कई लाख लोग ऑक्सीजन, दवा और इलाजके अभावमें दम तोड़ गए। मगर सरकार अपनी नाकामियोंको ढकनेके लिए श्मशानोंको ढंकती रही। बनारस के तटों पर बालूमें इतने शव छिपाये कि ऊपर से उड़कर जाते नीचे आनेवाले हवाईजहाज तक से फोटो खींची जा सकीं, क्योंकि बालू में पूरे आ नहीं पारहे थे। प्रधानमंत्री ने तो संसदमें कह दिया कि ऑक्सीजनकी कमी से कोई मराही नहीं। जब से मोदी प्रधानमंत्री बने हैं, तबसे देशके किसानोंकी आत्महत्याकी संख्या बहुत तेजी से बढ़ती जा रही है। इस सरकार की नीतियोंसे तंग आकर हर साल हजारों किसान अपनी जान देनेपर मजबूर हैं। मगर सरकार किसानोको राहत देने की जगह इनकी मौतका आंकड़ा छिपाने पर ज्यादा तवज्जो देती नजर आती है। ये सरकार सीमापर आतंकी घटनाओं को रोकनेमें नाकाम है। जब लोग सवाल पूछते हैं तो सरकार जवानों की शहादत तकका डाटा छिपाने लगती है। इस सरकारमें देश में बेरोजगारी के सारे रिकार्ड टूट गए हैं। हर साल लाखों जवान आत्महत्या कररहे हैं। सरकार इन युवाओंको राहत देने की जगह बेरोजगारी का डाटा छिपा रही है। लगता है कि मृत्यु की संख्या छिपाने का इनका गणित-ज्ञान बहुत उच्च श्रेणी पर पहुँच चुकाहै, बस देशकी अर्थव्यवस्था बचाने वाला गणित-ज्ञान शून्य की तरफ लुढ़क रहा है; उसी रफ़्तार से जिससे हमारा रुपया लुढ़क रहा है। इन्हें कैसे याद दिलाया जाये कि जनताने इनको सुशासन और विकास के लिये चुनाथा, मृत्युके आँकड़ों पर पर्दा डालने के लिये नहीं। यह तो देशद्रोह की श्रेणी में आता है।

- जया शुक्ला

## मुंबई–अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना के तहत सूरत में 100 मीटर लंबा 'मेक इन इंडिया' स्टील ब्रिज तैयार

नई दिल्ली, फरवरी : मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना के तहत नेशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा गुजरात के सूरत में 100 मीटर लंबा 'मेक इन इंडिया' स्टील ब्रिज का निर्माण किया गया है। यह ब्रिज चार रेलवे ट्रैक– दो पश्चिमी रेलवे और दो डीएफसीसीआईएल ट्रैक को पार करता है। इस स्टील ब्रिज में दो स्पैन हैं 100 मीटर और 60 मीटर, जिससे दोहरी लाइन मानक गेज रेल ट्रैक की सुविधा मिलेगी। यह महत्वपूर्ण इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण चार प्रमुख ट्रैक और एक सिंचाई नहर को पार करने के लिए बनाया गया है। 100 मीटर का स्पैन 28 जनवरी 2025 से 5 फरवरी 2025 के बीच लॉन्च किया गया, जबकि 60 मीटर का स्पैन निर्माण स्थल पर ट्रैक के पास स्थित सिंचाई नहर के ऊपर बनाया जाएगा। इस ब्रिज का कुल वजन 1432 मीट्रिक टन है, जिसके निर्माण के लिए 525 मीट्रिक टन वजन वाले 84 मीटर लंबे लॉन्चिंग नोज का उपयोग किया गया। 14.3 मीटर चौड़ा और 100 मीटर लंबा यह स्टील ब्रिज, गुजरात के भुज में स्थित आरडीएसओ-अनुमोदित कार्यशाला में तैयार किया गया और इसे सड़क मार्ग से साइट पर लाया गया। इसके 100 मीटर फैलाव को अहमदाबाद छोर पर 14.5 मीटर की ऊंचाई पर अस्थायी संरचना पर जोड़ा गया और 50 मिमी व्यास वाले मैक-लॉय बार के जरिए 250 टन क्षमता वाले दो अर्ध-स्वचालित जैक की मदद से खींचा गया। इस ब्रिज की पियर की ऊंचाई 12 मीटर है। 100 मीटर स्पैन की ब्रिज असेंबली में 60,000 हाई स्ट्रेंथ टोर-शियर बोल्ट का उपयोग किया गया है, जिसे 100 साल के जीवनकाल के लिए डिजाइन किया गया है। इस ब्रिज के दोनों स्पैन को सी 5 सिस्टम पेंटिंग से पेंट किया गया है और इन्हें इलास्टोमेरिक बियरिंग पर स्थापित किया जाएगा। पश्चिमी रेलवे और डीएफसीसीआईएल ट्रैक पर ट्रैफिक ब्लॉक के साथ पुल को लॉन्च किया गया, जिससे नियमित ट्रेन और माल ढुलाई सेवाओं में व्यवधान को कम किया गया। यह परियोजना सुरक्षा और इंजीनियरिंग उत्कृष्टता के उच्चतम मानकों को बनाए रखते हुए क्रियान्वित की जा रही है। जापानी विशेषज्ञता के साथ भारत मेक इन इंडिया पहल के तहत अपने स्वदेशी तकनीकी और भौतिक संसाधनों का तेजी से उपयोग कर रहा है। बुलेट ट्रेन परियोजना के लिए स्टील ब्रिज का निर्माण इसी प्रयास का एक महत्वपूर्ण उदाहरण है। यह ब्रिज गुजरात सेक्शन में नियोजित 17 स्टील ब्रिज में से छठा है। इससे पहले सूरत, आणंद, वडोदरा (मुंबई एक्सप्रेसवे), सिलवासा (दादरा और नगर हवेली) और वडोदरा में क्रमशः 70 मीटर, 100 मीटर, 230 मीटर (100+130 मीटर), 100 मीटर और 60 मीटर लंबे स्टील ब्रिज का निर्माण पूरा हो चुका है। यह परियोजना भारत के तेजगति रेल नेटवर्क के लिए एक बड़ा कदम साबित होगी।

## डीएफसीसीआईएल ने मालगाड़ी संचालन में नए कीर्तिमान स्थापित किए

नई दिल्ली, फरवरी : डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (डीएफसीसीआईएल) ने जनवरी 2025 में मालगाड़ी संचालन में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। जनवरी के दौरान डीएफसी ट्रैक पर औसतन 391 ट्रेनें संचालित हुई, जिसमें पूर्वी डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (ईडीएफसी) पर 209 और पश्चिमी डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (डब्ल्यूडीएफसी) पर 182 ट्रेनें शामिल हैं। यह उपलब्धि भारत में लॉजिस्टिक्स और परिवहन दक्षता को नया मानक स्थापित करती है। इसके अलावा न्यू उंचडीह स्टेशन पर 175 रेक हैंडल किए गए, जो अब तक का सबसे बड़ा रिकॉर्ड है, और यह मेजा ऊर्जा निगम प्राइवेट लिमिटेड से जुड़ा है। डीएफसीसीआईएल ने महाकुंभ मेला के दौरान प्रयागराज डिवीजन को सहायता प्रदान करते हुए, 100 फीसदी माल यातायात को ईडीएफसी पर डायवर्ट किया, जिससे महाकुंभ स्पेशल ट्रेनों के संचालन में मदद मिली और यात्री सेवाओं को सुचारु रूप से चलाने में राहत मिली। ईडीएफसी पर 11 जनवरी से 31 जनवरी 2025 तक प्रतिदिन औसतन 155 मालगाड़ियाँ चलाई गई, जिससे प्रयागराज डिवीजन में भीड़-भाड़ कम हुई और महाकुंभ के दौरान यात्रियों के लिए सुविधाजनक यात्रा सुनिश्चित की गई।

डीएफसीसीआईएल के प्रबंध निदेशक प्रवीण कुमार ने प्रयागराज में ऑपरेशन कंट्रोल सेंटर का निरीक्षण किया और टीम की उत्कृष्टता की सराहना की। उन्होंने अधिकारियों के समर्पण की तारीफ की और भविष्य में नए मानक स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया।

## मुरथल के सुखदेव ढाबे में विवाद के बाद दो दोस्तों को चाकू मारा

सोनीपत, फरवरी : मुरथल में स्थित मशहूर सुखदेव ढाबे पर देर रात खाना खाने आए युवकों पर चाकुओं से हमला कर दिया गया। घटना के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। मौके पर पुलिस को सूचना दी गई। वहीं आरोपी वारदात कर भाग चुके थे। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनका इलाज चल रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस सीसीटीवी भी खंगाल रही है।

### पुलिस ने दर्ज किया केस, जांच जारी

घटना की सूचना मिलते ही मुरथल थाना पुलिस हरकत में आई और हेड कॉन्स्टेबल जोगिंदर व हेड कांस्टेबल अशोक की टीम अस्पताल पहुंची। डॉक्टरों की एमएलआर रिपोर्ट में दोनों घायलों को तीन-तीन गंभीर चोटें लगने की पुष्टि हुई। इसके बाद सागर ने अपने बयान दर्ज कराए, जिसके आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। मुरथल थाना प्रभारी के अनुसार, आरोपियों की पहचान के लिए ढाबे और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है। जल्द ही हमलावरों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### शादी समारोह से लौटे थे दोनों

घटना 4 फरवरी 2025 की रात की है। जब सोनीपत के पिनाना गांव निवासी सागर अपने दोस्तों कपिल, रितेश, अंकित और सोनू के साथ ढाबे पर खाना खाने आया था। वे सभी एक शादी समारोह से लौट रहे थे। इस दौरान सागर और रितेश अपने दोस्तों के साथ खाना ऑर्डर करने के बाद ढाबे के सामने फोटो खींच रहे थे। कुछ देर बाद जब वे बाथरूम गए तो वहां पहले से ही 5-6 युवक मौजूद थे और गलती से टक्कर लगने के कारण मामूली बात पर कहासुनी हो गई। मामला बढ़ने से बचाने के लिए वे ढाबे के बाहर पहुंचे लेकिन वहां खड़े दो लड़के फिर से बहस करने लगे । इसी बीच कुछ अन्य युवक भी आ गए और दोनों पक्षों के बीच मारपीट शुरू हो गई। इस मारपीट में सागर उर्फ हैप्पी और कपिल पर चाकुओं से हमला कर दिया गया। सागर के कमर, चेहरे और हाथ पर चोटें आई, जबकि कपिल के सीने, कंधे और पैर पर चाकू से गंभीर चोटें आई।

*पीजीआई रोहतक में एडमिट घायल कपिल*

ढाबे पर मौजूद अन्य लोगों ने बीच-बचाव कर दोनों युवकों को बचाया, लेकिन आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी और हथियार लेकर वहां से फरार हो गए। इसके बाद कपिल और सागर को उपचार के लिए बीपीएस खानपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से कपिल की गंभीर हालत को देखते हुए उसे पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया गया।

## युवती को एयरलाइंस में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी का आरोपी गिरफ्तार, दूसरे आरोपी को प्रोटेक्शन वारंट पर किया जांच में शामिल

फतेहाबाद, फरवरी : एयरलाइंस में नौकरी के नाम पर युवती से 1 लाख 70 हजार रुपए की धोखाधड़ी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस ने एक आरोपी को उत्तरप्रदेश गाजियाबाद से गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पकड़े गए आरोपी की पहचान बॉबी पुत्र प्रमोद निवासी गाजियाबाद उत्तर प्रदेश,दूसरा आरोपी शुभांकर तिवारी लखनऊ के रूप में हुई है।

साइबर थाना फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 26 दिसम्बर को गुरूनानकपुरा मोहल्ला फतेहाबाद निवासी सुरेन्द्र सिंह की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता केअनुसार उसकी लडकी सिमरन के पास फोन आया कि उसका सिलैक्शन विस्तारा एयरलाइंस में हो गया है। उसे सिक्योरिटी के तौर पर 15 हजार रुपए देने होंगे। इसके बाद सिमरन ने अपने एसबीआई बैंक खाते से माधव राम नामक व्यक्ति के खाते में 15 हजार रुपए ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद दोबारा सिमरन से इंश्योरेंस के नाम पर 20550 रुपए मांगे गए जोकि उसने ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद उसे मेल आई कि उसका आधा इंश्योरेंस हुआ है, उसे 20 हजार रुपए और जमा करवाने होंगे जोकि सिमरन ने जमा करवा दिए। इसके बाद नवंबर 2024 में कैबिन अप्रूवल के नाम पर उससे 5490 रुपए मांगे तो सिमरनने यह राशि भी भेज दी। इसके बाद अलग-अलग बहानों से साइबर ठगों ने उसकी लडकी से कुल 1 लाख 70 हजार 228 रुपए हड़प लिए लेकिन नौकरी नहीं लगी। इस मामले में साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस ने धोखाधड़ी बारे केस दर्ज किया और जांच अधिकारी एसआई सुमित ने आरोपी बारे अहम सुराग जुटाते हुए आरोपी को गाजियाबाद यूपी से गिरफ्तार करके आज माननीय अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है।ओर दूसरे आरोपी को प्रोटेक्शन वारंट पर लेकर शामिल जांच कर जेल भेज दिया गया है।

## सड़क हादसे में घायल की इलाज के दौरान मौत

यमुनानगर, फरवरी : बिलासपुर के कपालमोचन बस अड्डा के पास दुर्घटना में घायल हुए अहड़वाला निवासी कमलदीप की इलाज के दौरान मौत हो गई। बिलासपुर थाना पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। गांव अहड़वाला निवासी सुरेश कुमार ने बताया कि उसका भतीजा 29 वर्षीय कमलदीप जगाधरी में प्राइवेट फैक्ट्री में नौकरी करता था। 27 जनवरी की शाम को वह फैक्ट्री से ड्यूटी कर बाइक से वापस लौट रहा था। जब वह कपालमोचन बस अड्डा के पास पहुंचा तभी रणजीतपुर की ओर से एक वाहन आया। चालक लापरवाही से वाहन चलाते हुए कमलदीप की बाइक में टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने उसे अस्पताल में दाखिल कराया। जहां से उसकी गंभीर हालत को देखते हुए रेफर कर दिया गया। तभी से उसका इलाज मुलाना मेडिकल अस्पताल में चल रहा था। तीन फरवरी की शाम लगभग सात बजे उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी वाहन चालक पर केस दर्ज कर लिया है। इसकी सूचना पुलिस को दी गई।

## दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष ने मतदान को लोकतंत्र का महत्वपूर्ण हिस्सा बताया



दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव।

नई दिल्ली, फरवरी : दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने राजधानी दिल्ली के गोवर्नमैंट गर्ल सीनियर सैकेंडरी स्कूल, समैपुर में सुबह 10 बजे मतदान किया। उन्होंने अपने मताधिकार का उपयोग करते हुए लोकतंत्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह किया और नागरिकों से भी मतदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की। देवेन्द्र यादव ने इस अवसर पर कहा, मतदान प्रत्येक नागरिक का अधिकार और कर्तव्य है। यह हमारे लोकतंत्र को मजबूत बनाने का एक अहम तरीका है। मैं सभी से आग्रह करता हूँ कि वे अपने वोट का सही उपयोग करें और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपनी भूमिका निभाएं। इस दौरान उन्होंने चुनावों में पारदर्शिता और निष्पक्षता की आवश्यकता को भी रेखांकित किया और यह कहा कि हर व्यक्ति का वोट मूल्यवान है, जो देश की दिशा तय करता है। देवेन्द्र यादव ने मतदान को एक सम्मान और जिम्मेदारी बताया और कहा कि यह हर नागरिक के लिए एक अवसर है, जिससे वह अपने देश और समाज की बेहतरी के लिए योगदान दे सकता है।उनके साथ इस मौके पर कांग्रेस के कई कार्यकर्ता और समर्थक भी मौजूद रहे।

## रोजाना प्रश्नकाल बाधित करना मतदाताओं का अपमान है: बिरला



**दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बृहस्पतिवार को सदन में विपक्षी सदस्यों के हंगामे के बाद कहा कि रोजाना प्रश्नकाल में गतिरोध पैदा करना भारत के मतदाताओं का अपमान हैं। विपक्षी सदस्यों ने अमेरिका से अवैध भारतीय प्रवासियों को वापस भेजे जाने के मुद्दे पर सदन में हंगामा किया। लोकसभा अध्यक्ष ने विपक्षी सदस्यों से नारेबाजी बंद करने और सदन चलने देने की अपील की। उन्होंने कहा, नियोजित तरीके से सदन में व्यवधान पैदा करना संसदीय परंपराओं के अनुरूप नहीं है। बिरला ने यह भी कहा, आपके सारे विषय सरकार ने संज्ञान में लिए हैं। यह विदेश नीति का मामला है। उनकी अपनी नीतियां होती हैं। इस पर सरकार गंभीर है। आपसे आग्रह है कि सदन चलने दें। आप लोग हर रोज प्रश्नकाल में गतिरोध पैदा करके भारतीय मतदाताओं का अपमान कर रहे हैं। इसके बाद भी हंगामा नहीं थमने पर उन्होंने सदन की कार्यवाही पूर्वाह्न करीब 11 बजकर 10 मिनट पर दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

## परीक्षा परिणाम को चुनौती देने वाली याचिकाएं दिल्ली उच्च न्यायालय को स्थानांतरित




**दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने वर्ष 2025 की संयुक्त विधि प्रवेश परीक्षा (क्लैट) के परिणामों को चुनौती देने वाली सभी याचिकाओं को बृहस्पतिवार को दिल्ली उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ को स्थानांतरित कर दिया। प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने आदेश दिया कि उच्च न्यायालय सभी याचिकाओं पर तीन मार्च को सुनवाई करेगा। शीर्ष अदालत ने बंबई, कर्नाटक, पंजाब एवं हरियाणा, मध्य प्रदेश और कलकत्ता समेत कई उच्च न्यायालयों के रजिस्ट्रारों को निर्देश दिया कि वे लंबित मामलों के न्यायिक रिकॉर्ड सात दिन के भीतर दिल्ली उच्च न्यायालय को हस्तांतरित करें। पीठ ने 15 जनवरी को संकेत दिया था कि वह सभी याचिकाओं को एक उच्च न्यायालय में स्थानांतरित करेगी और इसके लिए पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय को प्राथमिकता दी जा सकती है। देश के प्रमुख विधि विश्वविद्यालयों में विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए एक दिसंबर 2024 को क्लैट स्नातक (यूजी) और स्नातकोत्तर (पीजी) परीक्षा आयोजित की गई थी। विभिन्न उच्च न्यायालयों में कई याचिकाएं दायर की गईं, जिनमें आरोप लगाया गया कि स्नातक परीक्षा में कई प्रश्न गलत थे। पीजी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए क्लैट परिणामों को चुनौती देते हुए भी कई याचिकाएं दायर की गईं।

## दिल्ली में केन्द्रीय मंत्रियों ने मतदान किया और कार्यकर्त्ताओं व नागरिकों को मतदान के लिए प्रेरित किया



मतदान करते केंद्रीय मंत्री सरदार हरदीप सिंह पुरी।

नई दिल्ली, फरवरी : दिल्ली में केन्द्रीय मंत्रियों, दिल्ली भाजपा अध्यक्ष, सांसदों, पदाधिकारियों ने स्वंय सुबह मतदान किया और कार्यकताओं एवं नागरिकों को मतदान के लिए प्रेरित किया। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि ठंडी हवाओं के चलते जो मतदान सुबह सुस्त लग रहा था उसने 11 बजे धूप चढ़ते ही रफ्तार पकड़ी और देर शाम तक लाइनों में लगे मतदाताओं की आंखों में शासन व्यवस्था परिवर्तन की आस अभिलाषा साफ दिख रही थी। सचदेवा ने कहा कि मतदान का ट्रेंड एवं आंकड़े दोनो मिलकर बता रहे हैं की भाजपा पूर्ण बहुमत के साथ दिल्ली विधानसभा का चुनाव जीत रही है। सचदेवा ने कहा पूरा चुनाव ही क्या कल रात तक अरविंद केजरीवाल एवं उनकी पूरी आम आदमी पार्टी दिल्ली में तनाव फैला कर मतदान को हल्का रखने का प्रयास करती रही पर दिल्ली पुलिस एवं चुनाव आयोग अधिकारियों की सतर्कता के चलते मतदान संतोषजनक रहा। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा की जिस तरह ₹आप₹ नेताओं ने पूरा चुनाव प्रचार नकारात्मक रूप में चलाया वैसे ही आज मतदान के दिन भी अलग अलग क्षेत्रों में नकारात्मकता फैला कर मतदान प्रोसेस को प्रदूषित करने का प्रयास किया। आप नेताओं ने ओखला, सीलमपुर, ब्रहमपुरी जैसी जगहों पर मतदाताओं को उकसाने का प्रयास किया पर सफल नही हो सके। दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने सुबह 7.30 बजे के आसपास मयूर विहार के पोलिंग बूथ 100 पर मतदान किया। केन्द्रीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने नई दिल्ली के तुगलक क्रेसेंट के पोलिंग बूथ में वोट डाला।केन्द्रीय पेट्रोलियम मंत्री सरदार हरदीप सिंह ने माऊंट केरेमल स्कूल, आनंद निकेतन में मतदान किया। केन्द्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने गांधी स्कूल, श्याम लाल कालेज के पोलिंग बूथ पर मतदान किया।

CMYK

## समाचार

### पालिका अध्यक्ष ने तीन दिवसीय इजत्मा की तैयारी को लेकर किया निरीक्षण, दिए दिशा निर्देश



**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** गुरुवार को हसनपुर आदर्श नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी ने नगर में होने वाले मुस्लिम समुदाय के विशेष कार्यक्रम तीन दिवसीय इजत्मा की तैयारी को लेकर किया निरीक्षण किया, पालिका अध्यक्ष ने समस्त पालिका बाबुओ को विशेष साफ सफाई, चुना पट्टी, पानी छिड़काव, शुद्ध पेयजल हेतु निर्देशित किया गया, उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा कमेटी के संपर्क से विशेष सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखा जाए, वही इस मौके सभासद शाहनवाज अंसारी, मुन्ना चौहान, अलीम, मोनिश, अहमद, मुफ्ती शोएब, हाफिज अकरम, हांजी अब्दुल रहमान, आदि लोग उपस्थित रहे।

### चाइनीज मांझा बेचने वाले लोगों पर हो कार्यवाही तथा प्रयोग न कराने का दिलाया संकल्प



**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** गुरुवार को तहसील क्षेत्र के ग्राम बेगपुर शर्की में शिवमन्दिर पर आयोजित गोष्ठी में उपस्थित राष्ट्र सेवी संगठन संयोजक कृष्ण कुमार शर्मा ने बताया कि चाइनीज मांझे द्वारा देश में बड़ी संख्या में जनहानि होने की बात सर्व विदित है फिर भी चाइनीज मांझा न बिकना बंद हुआ है और न प्रयोग करना। जब सरकार को भी ये जानकारी है कि यह कितना हानिकारक है तो इसके देश में आने पर ही रोक क्यों नहीं लगाई जाती। ऐसे में सबको यह संकल्प लेना चाहिए कि हम न इसे खरीदेंगे और न ही इसका प्रयोग अपने बच्चों को करने देंगे। साथ ही चाइनीज मांझे को बेचने वाले छोटे दुकानदारो व होलसेलरो के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही किए जाने की भी मांग की। इस अवसर पर ग्राम प्रधान राजपाल भडाना, हरि सिंह सैनी, राजू सैनी, दीपक, सनी, सीताराम, मनुज, तेजपाल, चेतन भारती आदि उपस्थित रहे।

### जीरो पावर्टी के पहले लाभार्थी राम सागर को मिली अशोक लीलैंड में नौकरी, खिल उठा परिवार का चेहरा



**लखनऊ, 6 फरवरी:** योगी सरकार की जीरो पावर्टी स्कीम की पहली लाभार्थी लखनऊ के रूबी के परिवार ने गरीबी को पीछे छोड़ने की दिशा में गुरुवार को पहला कदम आगे बढ़ा दिया है। मुख्य सचिव ने अपने ऑफिस में रूबि के पति को हिंदुजा ग्रुप की कंपनी में नौकरी का ऑफर लेटर सौंपा तो परिवार भावुक हो उठा। रूबी के परिवार ने कभी सपने में भी नहीं सोचा होगा कि गरीबी कभी उनका पीछा छोड़ेगी, लेकिन योगी सरकार के संकल्प से रूबी जैसे लाखों परिवार के लिए गरीबी अब पुरानी बात हो गयी। जीरो पावर्टी स्कीम से रूबी जैसे प्रदेश के 13 लाख 57 हजार परिवारों को गरीबी से ऊबारने की दिशा में काम किया जा रहा है।

### सनातन आस्था की पुकार सुन पाकिस्तान से महाकुम्भ में शामिल होने आये हिंदू परिवार



**06 फरवरी झ महाकुम्भ नगर।** सनातन आस्था के महापर्व, महाकुम्भ में दुनिया के कोने-कोने से श्रद्धालु पवित्र संगम में आस्था का स्नान करने प्रयागराज आ रहे हैं। महाकुम्भ अब तक लगभग 40 करोड़ श्रद्धालु संगम स्नान कर चुके हैं। सनातन आस्था का जुड़ाव इतना गहरा है कि महाकुम्भ में पवित्र संगम में स्नान करने पाकिस्तान के सनातन मतावलंबी भी प्रयागराज पहुंचे हैं। पाकिस्तान के सिंध प्रांत से 68 हिंदू श्रद्धालुओं का जत्था प्रयागराज पहुंचा। सभी श्रद्धालुओं ने पवित्र संगम में स्नान कर अपने पूर्वजों की अस्थियों का संगम में विसर्जन किया। महाकुम्भ की व्यवस्था और सनातन आस्था के दिव्य भव्य आयोजन को देखकर सभी पाकिस्तानी श्रद्धालु अभिभूत थे।

## छात्रों के दो गुट आपस में भिड़े, एक छात्र का सिर फूटा, दी तहरीर

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**



**हसनपुर।** बुधवार की ढलती श्याम छात्रों के दो पक्षों में आपस में जमकर मारपीट हुई, नगर के ग्रीन सिटी कॉलोनी रोड स्थित राजकीय महाविद्यालय के सामने छात्रों के दो गुटों में जमकर मारपीट हुई इस बीच एक छात्र का सिर भी फट गया घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, बताया जा रहा है की घटना के दौरान महाविद्यालय के मुख्य द्वार के सामने लगभग 40 / 50 छात्र एकत्र हो गए थे, मामूली धक्का मुक्के से विवाद शुरू हुआ जो गाली गलौज के चलते हिंसक रूप में बदल गया तथा छात्रों के दोनों गुटों ने एक दूसरे पर लात, घुसे और बेल्टों से जबरदस्त हमला किया वहीं वहां मौजूद कुछ लोगों ने जब मारपीट का वीडियो बनाना शुरू किया तो दोनों गुटों के छात्र भागने लगे, उधर घटना के बाद एक पक्ष ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है वहीं पुलिस भी मामले को गंभीरता पूर्वक लेते हुए मामले की जांच कर रही है तथा पुलिस आरोपी छात्रों की पहचान करने के प्रयास में लगी हुई है वही पुलिस का कहना है कि दोषी छात्रों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी तथा महाविद्यालय एवं अन्य विद्यालयों के आसपास पुलिस की गस्त दिन में भी लगाई जाएगी।

## मुख्यमंत्री के नाम संबोधित पांच सूत्रीय ज्ञापन बी डी ओ गंगेश्वरी को सौंपा

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**




**हसनपुर।** गंगेश्वरी गुरुवार को भारतीय किसान संघ जनपद अमरोहा के विकासखंड गंगेश्वरी की एक मासिक बैठक जिला अध्यक्ष चंद्रप्रकाश शर्मा के नेतृत्व में पंचायत घर रहरा में संपन्न हुई जिसमें किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर एक पांच सूत्रीय ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम संबोधित करते हुए खंड विकास अधिकारी गंगेश्वरी को सौंपा गया, ज्ञापन में मांग करते हुए कहा गया है कि घरेलू विद्युत मीटर रीडरों द्वारा अत्यधिक बिल निकाला जा रहा है जिस पर तत्काल रोक लगाई जाए, वही गन्ने का मूल्य 500 रुपए प्रति कुंतल जल्द से जल्द घोषित किया जाए, तथा लेखपालों द्वारा किसानों की जमीनों का अंश बंटवारा फर्दों में गलत दशार्या गया है जिसको कैंप लगाकर तत्काल सही कराया जाए, वही राशन डीलरों द्वारा पात्र राशन कार्ड धारकों के राशन कार्ड में से यूनिटों को काट दिया गया है जिन्हें जांच करा कर जल्द से जल्द फिर से राशन कार्ड में दर्ज कराया जाए, वही पोरारा गंगा घाट पर पुल बनाने की घोषणा शासन स्तर से हो चुकी है लेकिन अभी तक कोई कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है ग्रामीणों की परेशानियों को देखते हुए जल्द से जल्द पुल निर्माण का कार्य प्रारंभ किया जाए, ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष चंद्र प्रकाश शर्मा, डॉक्टर शिवचरण सिंह सैनी, दिव्यांशु यादव, श्रीप्रकाश धामा, जयचंद्र सिंह, जयप्रकाश शर्मा, महिपाल सिंह, मुन्ना लाल, बॉबी कुमार, राजेश कुमार, मानसिंह आदि दर्जनों भारतीय किसान संघ के लोग मौजूद रहे।

## ऐप्जा संगठन के पत्रकारों ने जोगराजपुर में की महत्वपूर्ण बैठक

### पत्रकारिता के गिरते स्तर और संगठन विस्तार पर हुई अहम चर्चा

**संवाददाता मंजीत शर्मा**



**पीलीभीत जोगराजपुर।** ऑल इंडियन प्रेस जर्नलिस्ट एसोसिएशन (ऐप्जा) तहसील पूरनपुर की एक महत्वपूर्ण बैठक थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के जोगराजपुर में आयोजित की गई। बैठक में संगठन के पदाधिकारी, सदस्य और क्षेत्रीय पत्रकार बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता संगठन संरक्षक एवं वरिष्ठ पत्रकार राजकुमार श्रीवास्तव ने की, जबकि संचालन संयुक्त महासचिव रामनिवास कश्यप ने किया। इस दौरान संरक्षक महोदय ने संगठन के उद्देश्यों और पत्रकारिता की जिम्मेदारियों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में पत्रकारिता के स्तर में गिरावट चिंता का विषय है, और सभी पत्रकारों को इस पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। पत्रकारिता केवल समाचार संकलन का कार्य नहीं है, बल्कि यह समाज को सही दिशा दिखाने और सच्चाई उजागर करने का एक सशक्त माध्यम भी है। उन्होंने कहा कि हमें निष्पक्ष और निडर पत्रकारिता को बढ़ावा देना चाहिए, जिससे समाज को सही जानकारी मिले। साथ ही, संगठन को मजबूत बनाने और आपसी तालमेल बढ़ाने के लिए सुझाव भी दिए गए। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि संगठन के सभी पत्रकार अपनी गरिमा और नैतिकता बनाए रखते हुए कार्य करें, ताकि आम जनता का विश्वास बना रहे। तहसील प्रभारी सबलू खान ने बैठक में अपने विचार रखते हुए कहा, "पत्रकार समाज का आईना होते हैं, और हमारी कलम हमेशा सत्य के लिए चलनी चाहिए। हमें किसी भी प्रकार के दबाव या प्रलोभन में आए बिना निष्पक्ष पत्रकारिता करनी चाहिए। यदि हम अपनी जिम्मेदारी को ईमानदारी से निभाएंगे, तो समाज में पत्रकारों की साख बनी रहेगी। संगठन को और अधिक मजबूत करने के लिए हम सभी को एकजुट होकर कार्य करना होगा। इस मौके पर तहसील उपाध्यक्ष हरि ओम शर्मा, राधेश्याम सहित कई वरिष्ठ पत्रकार एवं संगठन के अन्य सदस्य मौजूद रहे। बैठक के अंत में पत्रकारों ने आपसी सहयोग और संगठन की मजबूती के लिए संकल्प लिया।

## जर्जर विद्युत लाइन से निकली चिंगारी, 9 बीघा गन्ने की फसल जल कर राख

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**



**हसनपुर।** गुरुवार को विद्युत विभाग की लापरवाही के चलते क्षेत्र के एक गांव में नौ बीघा गन्ने की फसल जलकर राख हो गई, बताते चले की तहसील क्षेत्र के गांव सिमथला में गुरुवार को तेज हवाओं के चलते विद्युत लाइन से चिंगारी निकली जो ग्रामीण डालचंद के खेतों के ऊपर से गुजर रही है जिसकी चिंगारी से डालचंद की लगभग 9 बीघा गन्ने की फसल जलकर राख हो गई इस, संबंध में पीड़ित किसान डालचंद ने बताया कि कई बार विद्युत विभाग के अधिकारियों से जर्जर विद्युत लाइन बदलवाने की गुहार लगाई जा चुकी है लेकिन अधिकारियों के कानों पर जू नहीं रेंगती तथा आज गन्ने की लगभग 9 बीघा फसल जलकर राख हो गई जिस कारण हजारों रुपए मूल्य की फसल का नुकसान हुआ है, वहीं सूचना मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई ग्रामीणों ने आसपास के समरसेबल पंप चलवा कर कड़ी मेहनत के बाद आग पर काबू पाया इस संबंध में किस डालचंद ने संबंधित थाने पर रिपोर्ट दर्ज करने के लिए विद्युत विभाग को जिम्मेदार ठहराते हुए प्रार्थना पत्र दिया है।

## हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी ने सपरिवार किया संगम स्नान, योगी सरकार की तैयारियों को सराहा



**महाकुम्भनगर, 06 फरवरी।** सनातन संस्कृति के महापर्व महाकुम्भ-2025 के अंतर्गत हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुरुवार को सपरिवार आस्था, भक्ति व अध्यात्म के संगम में पुण्य स्नान किया। त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाकर उन्होंने प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और कल्याण की प्रार्थना की। योगी सरकार द्वारा महाकुम्भ को दिव्य व भव्य बनाने के प्रयासों को लेकर पूरी तरह संतुष्ट दिखे सैनी ने इस महाआयोजन का विरोध करने वालों तथा इसके खिलाफ नकारात्मकता फैलाने वालों को आड़े हाथ लेते हुए उन्हें नसीहत भी दे डाली। साथ ही, यह भी कहा कि प्रायोजित एजेंडे के तहत इस प्रकार के कृत्यों को बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए। सैनी के सपरिवार महाकुम्भनगर आगमन पर उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने कुंभ कलश भेंट कर भव्य स्वागत किया तथा उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से उनका अभिनंदन किया। इसके साथ ही, भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए योगी सरकार की तहेदिल से तारीफ की और दुनिया के बड़े विश्वविद्यालयों को महाकुम्भ के दौरान 40-50 करोड़ की भीड़ प्रबंधन को समझने के लिए केस स्टडी करने का सुझाव भी दिया।

**आस्था का संगम ही नहीं, सनातन संस्कृति का जीवंत धरोहर है महाकुम्भ**

मुख्यमंत्री सैनी ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि महाकुम्भ केवल आस्था का संगम नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति की जीवंत धरोहर है। यह आयोजन भारत की आध्यात्मिक शक्ति और सांस्कृतिक विरासत का भव्य प्रतीक है, जिसे आज पूरा विश्व देख रहा है और गौरव की अनुभूति कर रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में इस विराट आयोजन की भव्यता की सराहना करते हुए कहा कि महाकुम्भ 2025 सनातन धर्म की दिव्यता और गौरवशाली परंपराओं का प्रतीक बनेगा।

## धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहरों का संरक्षण समाज के आध्यात्मिक विकास के लिए आवश्यक- सीएम योगी





**पौड़ी गढ़वाल, 6 फरवरी।** तीन दिवसीय दौरे पर उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को यहां यमकेश्वर स्थित ग्राम तल्ला बनास में आयोजित धार्मिक आयोजन में भाग लिया। उन्होंने वनवासी श्रीराम मंदिर और वासिनी देवी मंदिर की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा में सहभागिता की और स्थानीय जनता से संवाद किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहरों का संरक्षण समाज के आध्यात्मिक विकास के लिए आवश्यक है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहले देहरादून पहुंचे, जहां से वे हेलीकॉप्टर के माध्यम से यमकेश्वर के तल्ला बनास गांव पहुंचे। यहां ग्रामीणों और भक्तों ने उनका जोरदार स्वागत किया। योगी आदित्यनाथ ने मां गढ़वासिनी मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना की और मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारत की आध्यात्मिक परंपराएं हमें संयम, सेवा और समर्पण का संदेश देती हैं। उन्होंने कहा कि धार्मिक स्थलों का संरक्षण और पुनरुद्धार केवल आस्था का विषय नहीं है, बल्कि यह हमारी संस्कृति और विरासत के प्रति हमारी जिम्मेदारी भी है। उन्होंने कहा कि धार्मिक स्थल केवल पूजा-अर्चना के स्थान नहीं हैं, बल्कि वे हमारी सांस्कृतिक विरासत का जीवंत प्रमाण भी हैं। हमें इन धरोहरों के संरक्षण के लिए मिलकर प्रयास करना चाहिए। उन्होंने उत्तराखंड की देवभूमि की महिमा का गुणगान करते हुए कहा कि यह भूमि संतों, तपस्वियों और ऋषियों की साधना स्थली रही है। यहाँ की आध्यात्मिक शक्ति संपूर्ण भारत को मार्गदर्शन देती है।

## सीएम योगी ने किया किसान मेले का उद्घाटन, कहा- आत्मनिर्भरता से ही विकसित होगा उत्तराखंड





**पौड़ी गढ़वाल, 6 फरवरी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तीन दिवसीय दौरे पर उत्तराखंड पहुंचे, जहां उन्होंने यमकेश्वर स्थित गुरु गोरखनाथ महाविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय किसान मेले का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने अपने गुरु महंत अवेद्यनाथ जी महराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनका आशीर्वाद लिया। साथ ही, देश के पहले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल बिपिन रावत की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। किसान मेले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण किया और आधुनिक कृषि तकनीकों को करीब से देखा। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की कृषि को आत्मनिर्भर और उन्नत बनाने के लिए इस प्रकार के आयोजनों का महत्वपूर्ण योगदान है। मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड की पावन भूमि को नमन करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य तेजी से विकास की ओर अग्रसर है। उन्होंने महायोगी गुरु गोरखनाथ महाविद्यालय की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि उत्तराखंड सरकार के सहयोग से यह महाविद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में नए प्रतिमान स्थापित कर रहा है।

# कैथल

## राष्ट्रीय लोक अदालत 8 मार्च को



आमजन को जानकारी देते हुए विनय गर्ग।

**कैथल :** मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कैथल मैडम रितु के निदेर्शानुसार गांव कलासर और गांव खेड़ी शेरखां में एक विशेष कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। और लगभग 56 नागरिकों को विधवाओं के लिए कानूनी सेवाएं योजना, 2020 और 8 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में जागरूक किया गया। यह जानकारी पैनल एडवोकेट विनय गर्ग एडवोकेट, उपाध्यक्ष जिला बार एसोसिएशन कैथल और पीएलवी रामफल शर्मा और एएसआई विनोद कुमार ने दी।

# कलायत, सीवन व पूंडरी नगर पालिकाओं के लिए दो मार्च को होगा मतदान : डीसी

## 11 से 17 फरवरी तक सभी कार्य दिवसों में भरे जाएंगे नामांकन



डीसी प्रीति

कैथल, फरवरी : डीसी प्रीति ने बताया कि हरियाणा राज्य चुनाव आयोग के निदेर्शानुसार जिले की तीन नगर पालिकाओं कलायत, सीवन व पूंडरी में आगामी 2 मार्च को मतदान होगा। नगर निकाय चुनाव की घोषणा के साथ ही संबन्धित निकाय क्षेत्रों में आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो चुकी है। सभी निकायों में 11 फरवरी से 17 फरवरी तक राजपत्रित अवकाश को छोडकर सभी कार्य दिवसों में सुबह 11 बजे से सायं 3 बजे तक नामांकन पत्र दाखिल होंगे। इसके बाद 18 फरवरी को नामांकन पत्रों की जांच होगी। चुनाव के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवार 19 फरवरी को सुबह 11 बजे से 3 बजे तक अपने नाम वापिस ले सकते हैं। इसी दिन तीन बजे के बाद प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आबंटित कर दिए जाएंगे। इसके बाद 19 फरवरी को ही चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों, मतदान केन्द्रों की सूची निर्धारित स्थान पर चस्पा कर दी जाएगी। दो मार्च को सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। चुनाव प्रक्रिया संपन्न होने पर 12 मार्च को सुबह 8 बजे से मतगणना करवाई जाएगी और इसी दिन चुनाव के परिणाम घोषित होंगे।

उन्होंने बताया कि नगर पालिका प्रधान के लिए सामान्य वर्ग के लिए 10वीं, महिला, अनुसूचित जाति की महिला एवं अनुसूचित जाति के लिए आठवीं पास होना जरूरी है। नगर पालिका में पार्षद पद के लिए सामान्य वर्ग के लिए 10वीं, महिला, अनुसूचित जाति के लिए आठवीं और अनुसूचित जाति की महिला के लिए पांचवीं पास होना जरूरी है।

### ये रहेगी जमानत राशि

**डीसी प्रीति** ने बताया कि नगर पालिका में चेयरमैन पद के लिए सामान्य वर्ग के प्रत्याशी के लिए दो हजार रुपए, अनुसूचित जाति, बीसी ए, बीसी बी और महिला के लिए एक हजार रुपये की जमानत राशि तय की गई है। नगर पालिका में पार्षद पद के लिए सामान्य वर्ग के प्रत्याशी के लिए एक हजार रुपये, अनुसूचित जाति, बीसी ए, बीसी बी और महिला के लिए 500 रुपये की जमानत राशि तय की गई है।

### यह रहेगी प्रत्याशियों के चुनावी खर्च की सीमा

**डीसी ने** बताया कि नगर पालिका चेयरमैन पद के चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों की खर्च सीमा 12 लाख 50 हजार रुपए, पार्षद पद के लिए तीन लाख रुपये तय की गई है। उन्होंने बताया कि सभी चुनाव लड? वाले प्रत्याशियों को अपने चुनाव खर्च को ब्यौरा रखना होगा और उसे चुनाव समाप्त होने के बाद 30 दिनों के अन्दर संबन्धित आरओ को जमा करवाना होगा। यदि कोई प्रत्याशी ऐसा नहीं करता है तो उसे पांच साल के लिए चुनाव लड? के लिए प्रतिबंधित कर दिया जाएगा। उन्हांने कहा कि अगर किसी प्रत्याशी की अपराधिक पृष्ठभूमि है तो उसे उसका पूरा ब्यौरा सार्वजनिक करना होगा। इसके लिए उसे स्थानीय हिन्दी व अंग्रेजी समाचार पत्रों में पूरी जानकारी प्रकाशित करवानी होगी। साथ ही अलग-अलग तीन दिनों में स्थानीय टीवी चेनल और केबल नेटवर्क पर प्रसारित करवानी होगी।

## देश का उज्ज्वल भविष्य युवाओं पर निर्भर : रामजी लाल



नशा विरोधी शपथ दिलाते हुए सचिव।

### रैडक्रॉस भवन में नशा मुक्ति सेमिनार का हुआ आयोजन

कैथल, फरवरी। जिला रैडक्रॉस सोसायटी के सचिव रामजी लाल ने बताया कि डीसी प्रीति के मार्गदर्शन में करनाल रोड स्थित नए रैडक्रॉस भवन में नशा मुक्ति सेमिनार का आयोजन किया गया।

सचिव ने प्राथमिक चिकित्सा ग्रहण कर रहे प्रशिक्षणार्थियों को बताया कि हमारे देश का उज्ज्वल भविष्य युवाओं पर निर्भर होता है, अगर देश की युवा पीढ़ी ही गलत रास्ते में जाने लगे तो निश्चित ही उनका भविष्य अंधकार में चला जाता है।

नशीली दवाओं की लत से तात्पर्य हानिकारक पदार्थो को लेने से है जो किसी व्यक्ति के मस्तिष्क के कार्यो और व्यवहार को प्रभावित करते है। नशा न करने बारे प्रशिक्षण ग्रहण कर रहे विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलवाई गई कि वे कभी नशीले पदार्थो का सेवन नही करेगें एवं दूसरे लोगों को भी सेवन करने से रोकेगें। इस मौके पर उप अधीक्षक पवन कुमार, डॉ. बीरबल दलाल, रामपाल आदि मौजूद रहे।

## हरियाणा सुपर 100 प्रदेश के मेधावी छात्रों के लिए सुनहरा अवसर



परीक्षा में भाग लेते हुए विद्यार्थी।

**राजौंद :** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में परीक्षा का आयोजन किया गया। हरियाणा सुपर 100 कार्यक्रम के तहत 36517 से अधिक छात्र-छात्राओं ने पूरे प्रदेश के 151 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित लेवल-1 परीक्षा में भाग लिया। इस परीक्षा में कक्षा 10 के छात्र-छात्राओं के लिए 200 अंकों का गणित आधारित प्रश्नपत्र था जिसमें 50 प्रश्न शामिल किए थे और निगेटिव मार्किंग भी लागू थी। परीक्षा में सफल होने वाले छात्र-छात्राओं को लेवल-2 वर्कशॉप के लिए हरियाणा सुपर 100 कैंपस कुरुक्षेत्र बुलाया जाएगा। तीन दिवसीय इस वर्कशॉप के आधार पर अंतिम चयन किया जाएगा। इसके बाद प्रदेशभर से 400 मेधावी छात्र-छात्राओं को इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम में शामिल किया जाएगा। हरियाणा सुपर 100 कार्यक्रम का उद्देश्य आईआईटी-जेईई और नीट जैसी परीक्षाओं की निशुल्क और गुणवत्तापूर्ण तैयारी कराना है। चयनित छात्र-छात्राओं को आवास, भोजन, अध्ययन सामग्री, ड्रेस आदि सभी सुविधाएं हरियाणा सरकार द्वारा निशुल्क प्रदान की जाती हैं। अब तक की उपलब्धियां 2018 में शुरू हुए इस कार्यक्रम के तहत अब तक छह बैच प्रशिक्षित हो चुके हैं और शानदार परिणाम सामने आए हैं। हरियाणा सरकार विकल्प फाउंडेशन के साथ मिलकर इस कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से संचालित कर रही है। यह कार्यक्रम प्रदेश के मेधावी विद्यार्थियों को न केवल संसाधन उपलब्ध करवाता है, बल्कि उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता दिलाकर उनके उज्ज्वल भविष्य का मार्ग भी प्रशस्त करता है।

# रिटायर्ड कर्मचारी संगठन हरियाणा पूंडरी ब्लाक के प्रधान बने राज मुंदड़ी



मीटिंग में उपस्थित रिटायर कर्मचारी।

पूंडरी, फरवरी : रिटायर्ड कर्मचारी संगठन हरियाणा संबंधित एटक के पूंडरी ब्लॉक की आम मीटिंग पूंडरी बस स्टैंड में संपन्न हुई। मीटिंग की अध्यक्षता सुखपाल धीमान जिला सलाहकार रिटायर्ड कर्मचारी संगठन हरियाणा ने की। मीटिंग में पूर्व में निर्धारित पूंडरी ब्लॉक के रिटायर्ड कर्मचारियों का नई कार्यकारी गठन करने हेतु कर्मचारीयों की मीटिंग बुलाई गई जिसमें नई कार्यकारिणी का गठन किया गया।

ब्लॉक पुंडरी का चुनाव करवाने के लिए जिला पर्यवेक्षक के रूप में डा. रामनिवास शर्मा जिला सचिव, अशोक वधवा जिला कैशियर एवं जिला चेयरमैन वीरभान शर्मा की देखरेख में संपन्न हुआ। मीटिंग में उपस्थित सभी रिटायर्ड कर्मचारियों ने सर्वसम्मति से राज सिंह मुंदडी को पुनः प्रधान पद की जिम्मेदारी सौंपी। इसके साथ-साथ सतपाल मैहला चेयरमैन, उप प्रधान पोप सिंह मलिक, सचिव महेंद्र सिंह, कैशियर जय भगवान सैनी, सुभाष जांबा संगठन सचिव, ओमप्रकाश सिंगरौली प्रेस सचिव व मेहर सिंह कौल को मुख्य सलाहकार के तौर पर नियुक्त किया गया। सभी नव नियुक्त पदाधिकारीयों को जिला पर्यवेक्षक डॉ रामनिवास शर्मा द्वारा पद पर शपथ दिलवाई गई। मीटिंग में विशेष रूप से उपस्थित पहल सिंह तंवर प्रदेश अध्यक्ष एटक एवं कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष रिटायर्ड कर्मचारी संगठन हरियाणा ने बताया कि रिटायर्ड कर्मचारियों की जायज मांगों का जिक्र किया। ब्लॉक प्रधान राज सिंह मुंदड़ी ने मीटिंग में उपस्थित सभी रिटायर्ड कर्मचारियों का मीटिंग में पहुंचने पर व जिम्मेदारी देने के लिए धन्यवाद किया। उन्होंने संगठन को सदस्यता अभियान में भाग लेने व 5 मार्च को रिटायर्ड कर्मचारी संगठन हरियाणा कैथल जिले के चुनाव में पुंडरी ब्लाक से ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाग लेने की अपील की। मीटिंग में सतपाल मैहला चेयरमैन, कृष्ण मुंदड़ी, डॉ कृष्ण रमाणा, मेहर सिंह कौल, सुभाष जांबा, ओम प्रकाश संगरौली, कंवरभान आदि ने अपने विचार रखे।

# सीवन नगर पालिका को 12 मार्च को पहली बार मिलेगी महिला चेयरपर्सन



नगर पालिका सीवन का भवन।

सीवन, फरवरी : प्रदेश सरकार द्वारा नगर निगम मेयर व नगर पालिका अध्यक्ष पद के चुनावी घोषणा होते ही चुनाव लड? के इच्छुक प्रत्याशियों ने अपना जनसंपर्क अभियान और तेज कर दिया है। नामांकन प्रक्रिया 11 से 17 फरवरी, नाम वापसी 19 फरवरी और चुनाव चिन्ह आवंटन 19 फरवरी रहेगी। बता दें कि सीवन में पहली बार नगर पालिका चुनाव होने जा रहा है। इससे पहले यहां पंचायती चुनाव हुआ करते थे। नगर पालिका चुनाव को लेकर लोगों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। ज्यादातर भाजपा समर्थक नगर पालिका चेयरपर्सन चुनाव लड? के लिए इच्छुक है। दैनिक सवेर ने नगर के मतदाताओं की राजनीतिक नब्ज टटोलने के बाद पाया कि पूर्ण सैनी, अशोक गोयल, जोगी भक्त, भीम मेहता, राजेश आर्य, बाल कृष्ण मोरे ने कहा कि ऐसा प्रत्याशी हो जो पढ़े-लिखे परिवार से व खुद भी अच्छा पढ़ा लिखा हो, जो अपने फैसले खुद ले सके ऐसे प्रत्याशी को वोट करेंगे। जो प्रत्याशी पैसे के दम पर चुनाव जीतने की आस लगाए बैठे हैं ऐसे लोगों को कभी वोट ना करें।

### ये हैं चुनाव लड़ने की शर्तें

**जाति प्रमाण पत्र,** संपत्ति ब्यौरा, आधार कार्ड, पहचान पत्र, परिवार पहचान पत्र, पैन कार्ड, संपत्ति कर बकाया न हो, डोमिसाइल सर्टीफिकेट, दसवीं पास सर्टीफिकेट, बिजली बिल व सरकारी नल का बकाया न हो । इसके अतिरिक्त एक या दो और शर्तें भी हो सकती हैं। उम्मीदवारों को अपने घोषणा पत्र में यदि उन पर कोई आपराधिक मामला, जमा संपत्ति या अन्य विवाद हो उसकी जानकारी चुनाव आयोग को देनी होगी।

### ये हो सकते हैं भाजपा की तरफ से संभावित उम्मीदवार

**भाजपा आईटी** सेल के जिला प्रधान बलविंदर जांगड़ा, रिटायर लेक्चरर संतोष शर्मा, अनीता मुंजाल, राजबाला, सोनू सैनी इसके अतिरिक्त और भी लिस्ट बढ़ सकती है। भाजपा के अतिरिक्त समाजसेवी अमरेंद्र सिंह खारा, संयम गोयल व संदीप सैनी सहित और भी उम्मीदवार हो सकते हैं।

## गांव तारागढ़ में लगा टीबी, टीकाकरण एवं योग सूर्य नमस्कार मैडिकल कैम्प



गांव तारागढ़ में शिविर के दौरान जांच करते हुए स्वास्थ्य विभाग की टीम।

**राजौंद :** गांव तारागढ़ में स्वास्थ्य विभाग व आयुष विभाग की टीम द्वारा गांव के उप स्वास्थ्य केंद्र में टीबी, टीकाकरण एवं योग सूर्य नमस्कार मैडिकल कैम्प का आयोजन किया गया। इसमें आयुष विभाग से डॉ. होशियार सिंह जिला नागरिक हस्पताल कैथल के मार्गदर्शन में रीना देवी, संदीप कुमार, कुलदीप सिंह आयुष योग सहायकों द्वारा योग एवं सूर्य नमस्कार के बारे में बताया गया। इस दौरान उन्होंने योग के महत्व के बारे में विशेष जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आज योग करने से कई तरह की बीमारियां दूर हो जाती हैं। लगातार शिविरों के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक लोग योग के प्रति जागरूक हो सकें। इस दौरान लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। खून की जांच के लिए सैंपल लिए गए। टीवी की बीमारी के बारे में लोगों को जागरूक किया गया। मौके पर स्वास्थ्य विभाग की टीम में अनिल कुमार, टीबी सुपरवाइजर कुलदीप सिंह हेल्थ इंस्पेक्टर, सुपरवाइजर अनिल कुमार, तरसेम सिंह, एमपीएचडब्ल्यू प्रदीप कुमार, लैब टेक्नीशियन दीपक कुमार, अमित कुमार, कमलेश, राजबाला एएनएम सहित स्टाफ अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## बैंक खाते से पैसे निकलें तो तुरंत दें शिकायत : एसपी



एसपी राजेश कालिया

**कैथल :** एसपी राजेश कालिया ने आमजन को जागरूक करते हुए कहा है कि देश में ऑनलाइन पेमेंट का चलन तेजी से बढ़ा है। पैसों का लेनदेन हो या फिर कॉलेज की फीस, बिल का भुगतान समेत कई काम आज तुरंत हो जाते हैं। ऑन लाइन गतिविधियां बढ़ने के साथ ही धोखाधड़ी के मामलों में भी काफी बढ़ोतरी हुई है। ऐसे मामले भी सामने आ रहे हैं, जिसमें ग्राहक के पास मैसेज आता है कि आपके बैंक खाते से इतनी राशि निकाली गई है, लेकिन ये पैसे खाता धारक द्वारा नहीं निकाले गए हैं तो ऐसे में परेशान होना लाजमी है। पुलिस अधीक्षक ने कहा है कि अगर आपकी गलती नहीं है और आपके खाते से किसी ने धोखा करते हुए पैसे निकाले हैं तो आप समय पर शिकायत और कुछ जरूरी हिदायतों का पालन करते हैं तो आपके खाते से निकला हुआ अमाऊंट वापस मिल जाता है। साथ ही साइबर क्राइम पोर्टल और 1930 पर सूचना दें। एसपी ने कहा कि आमजन ऑनलाइन फ्रॉड की जानकारी मिलते ही तुरंत साइबर क्राइम को कॉल कर जानकारी देंगे तो गलत ट्रांजैक्शन को समय रहते ब्लॉक किया जा सकता है।

## चीका पुलिस द्वारा 14 बोतल देसी शराब सहित एक काबू

**गुहला चीका :** अवैध शराब तस्करों पर शिकंजा कसते हुए थाना चीका पुलिस द्वारा एक आरोपी को 14 बोतल देशी शराब सहित काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना चीका पुलिस के एसआई सतीश कुमार की टीम द्वारा सायंकालीन गश्त दौरान एक गुप्त सूचना मिलने उपरांत पिहोवा रोड चीका पर एक दुकान के बाहर शराब बेच रहे संदिग्ध केशव नगर चीका निवासी बूटा सिंह को काबू कर लिया गया। जांच के दौरान आरोपी के कब्जे से 14 बोतल देशी शराब बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ थाना चीका में मामला दर्ज किया गया है।

# प्रदेश की कॉल पर आंगनबाड़ी वर्कर्स एवं हैल्पर्ज ने सचिवालय पर किया प्रदर्शन

## बोली : लंबित मांगों को पूरा करे सरकार अन्यथा 13 को करेंगी दिल्ली कूच



प्रदर्शन करते हुए आंगनवाड़ी वर्कर्ज एवं यूनियन।

कैथल, फरवरी : राज्य भर में आंगनबाड़ी वर्कर्स एवं हेल्पर यूनियन ने जिला सचिवालयों पर प्रदर्शन किया। इसी कड़ी में कैथल में आंगनबाड़ी वर्कर्स एंड हेल्पर्ज यूनियन ने कैथल के लघु सचिवालय पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के उपरांत आंगनवाड़ी वर्कर्ज एवं हेल्पर्ज ने अपना ज्ञापन सौंपा। शकुंतला देवी आंगनवाड़ी वर्कर्स एवं हेल्पर्ज यूनियन हरियाणा की वाइस प्रेसिडेंट और मनजीत कौर आंगनवाड़ी वर्कर का कहना था कि सरकार उनकी लंबित मांगों को पूरा नहीं कर रही हैं और लगातार उनकी अनदेखी हो रही है। अगर उनकी लंबित मांगे जल्द पूरी नहीं हुई तो 13 फरवरी को दिल्ली कूच करेंगी। केन्द्र सरकार से उनकी मांगों में आंगनवाड़ी वर्कर्स व हैल्पर्स का न्यूनतम वेतन 26000 रुपए करना, वर्कर्ज को तीसरे व हैल्पर्ज को चौथे दर्जे का कर्मचारी बनाना, 10000 रुपए न्यूनतम पैंशन लागू करना, वर्कर्स और हैल्पर्स को ग्रेच्यूटी का लाभ देना शामिल हैं।

### ये हैं राज्य सरकार से मांग

**वर्कर्स व** हैल्पर्स को कुशल, अकुशल की श्रेणी में रखना, ग्रेच्युएटी लाभ, पीएफ व इएसआई की सुविधा प्रदान करना, बकाया मानदेय तुरंत जारी करना, केन्द्र सरकार की सितंबर 2018 से 1500 व 750 रुपए की घोषणा का 5 साल का ऐरियर का भुगतान करना, 2021-2022 में आन्दोलन के दौरान का कई जिलों में अभी भी बर्खास्त वर्करों की बर्खास्त अवधि का बकाया मानदेय जारी नहीं किया गया है, इसे तुरंत जारी करना, राज्य में आंगनवाड़ी वर्कर्स व हैल्पर्स के आन्दोलन के दौरान दर्ज मुकद्दमे रद्द करना, उचाना की आंगनवाड़ी वर्कर सुमन को तुरंत बहाल करना, वर्कर से सुपरवाईजर को पदोन्नति वरिष्ठता के आधार पर करना, सितंबर 2022 से महंगाई भते की नई किस्त को मानदेय में जोडकर जारी करना, आंगनवाड़ी केन्द्र को संभाल रही वर्कर या हैल्पर को दी जाने वाली राशि बढाना, वर्कर्ज, हैल्परों, सुपरवाईजरों, सीडीपीओ के खाली पड़े पदों पर तुरंत भर्ती करना, हैल्पर्स से वर्कर्स की पदेन्नति का कोटा 25 प्रतिशत से 50 प्रतिशत करने के केन्द्र का निर्णय लागू करना, टीए डीए का भुगतान करना, आंगनवाड़ी वर्कर हैल्पर के दुर्घटना में निधन पर 5 लाख का मुआवजा व घायल पर इलाज करवानाआदि शामिल हैं।

## आईजी स्कूल में हवन व मंत्रोच्चारण के साथ 12वीं के हुई छात्रों को विदाई



हवन में भाग लेते हुए जेबी खुरानिया व स्कूल स्टाफ।

कैथल, फरवरी : इंदिरा गांधी पब्लिक स्कूल में कक्षा 12वीं के छात्रों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ ईश्वर के प्रति श्रद्धा समर्पित करते हुए हवन के साथ किया गया। हवन में सभी विद्यार्थियों व अध्यापकों के साथ स्कूल प्रधान जेबी खुरानिया, उप प्रधान सुभाष शर्मा, अमिता खुरानिया, प्रधानाचार्या समस्त अध्यापक गण व विद्यार्थियों ने भी भाग लिया। पंडित जी ने सभी विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। हवन के पश्चात विद्यार्थियों ने नृत्य, संगीत, कविता व भाषण आदि सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी प्रदर्शन किया। एक अति सुंदर रचना के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपने सभी अध्यापकों की विशेषताओं का भी गुणगान किया। छात्रों ने सामूहिक नृत्य का भी आनंद लिया। जेबी खुरानिया ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनके हुनर की दिल खोलकर प्रशंसा की तथा उनके द्वारा विद्यालय का नाम रोशन करने की कामना करते हुए उन्हें विदाई दी। प्रधानाचार्या ने भी विद्यार्थियों को उच्चतम सफलता प्राप्त करने के लिए कठोर परिश्रम करने की प्रेरणा दी। सभी छात्रों को स्मृति चिन्ह के रूप में सुंदर उपहार भी प्रदान किए गए।

### शिक्षकों के लंबित मांगों को लेकर बीईओ के माध्यम से एसीएस को सौंपा ज्ञापन

# शिक्षा व शिक्षकों के हितों से खिलवाड़ सहन नहीं करेंगे : कृष्ण आर्य





अधिकारी को ज्ञापन देते हुए संघ के सदस्य।

कैथल, फरवरी : हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ संबद्ध सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा एवं स्कूल टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया ने शिक्षकों के लंबित मांग मुद्दों को लेकर खंड शिक्षा अधिकारी के माध्यम से एसीएस शिक्षा विभाग के नाम ज्ञापन सौंपा। इसकी अध्यक्षता खंड प्रधान कृष्ण आर्य ने व संचालन खंड सचिव नारायण दत्त ने किया। राज्य महासचिव रामपाल शर्मा, जिला प्रधान रामफल दयोहरा, जिला सचिव अमरनाथ किठानिया ने अध्यापकों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र व राज्य सरकार शिक्षा व शिक्षकों के हितों पर लगातार हमला कर रही है। शिक्षा विरोधी नीतियों को लेकर पूरे प्रदेश में हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ खंड स्तरीय प्रदर्शन कर रहा है। उन्होंने बताया कि हुए रूल 2012 के अनुसार हरियाणा सरकार 50 प्रतिशत अंकों की आड़ में अध्यापकों को एसीपी प्रदान नहीं कर रही है। काफी शिक्षकों की नियुक्ति इन नियमों के लागू होने से पहले की है।

अतः स्पष्ट है कि इन नियमों की आड़ में हरियाणा सरकार एसीपी नहीं देना चाहती। एक तरफ तो भाजपा सरकार पारदर्शिता का ढोल पीट रही है दूसरी तरफ कोई ना कोई बहाना लेकर अध्यापकों को लाभ प्रदान नहीं करती है।

ब्लॉक ईयर खत्म होने के बावजूद काफी अध्यापकों की 2020-23 की एलटीसी पेंडिंग है। कक्षा 9 से 12 तक पढ़ाने वाले शिक्षकों का जनवरी माह के वेतन का बजट तक जारी नहीं किया गया। उन्होंने आगे बताया कि पूरे वर्ष अध्यापकों को अपार आईडी बनाने में उलझाए रखा गया। उन्होंने कहा कि सरकार नहीं चाहती कि सरकारी स्कूलों में पढ़ाई हो। सरकारी स्कूलों को बदनाम करके स्कूलों का निजीकरण करना सरकार का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ 15, 16 फरवरी को सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर कुरुक्षेत्र स्थित मुख्यमंत्री के कैंप कार्यालय पर भी अध्यापकों की अच्छी भागीदारी रहेगी। इस अवसर पर हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ की जिला वरिष्ठ उपप्रधान विद्यावती, शमशेर कालिया, जयभगवान चौहान, सतीश कुमार, सतपाल पांचाल, राजीव कुमार, जयप्रकाश मोर, सुरेंद्र कुमार व अमरजीत सिंह विशेष रूप से मौजूद रहे।

## सब इंस्पेक्टर राजकुमार ने संभाला थाना प्रभारी राजौंद का पदभार



राजौंद के नवनियुक्त सब इंस्पेक्टर राजकुमार

**राजौंद :** राजौंद थाना प्रभारी के रूप में सब इंस्पेक्टर राजकुमार ने कार्यभार संभाला। सब इंस्पेक्टर राजकुमार पूंडरी में लंबे समय तक कार्यरत रहे। सब इंस्पेक्टर राजकुमार ने बातचीत के दौरान कहा कि राजौंद क्षेत्र को नशा मुक्त बनवाने के लिए पुलिस अधीक्षक कैथल राजेश कालिया के निर्देश अनुसार जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। राजौंद क्षेत्र के स्कूलों, ग्राम पंचायत व नगर गांव में नुक्कड़ सभाएं करके बच्चों, युवाओं, आम नागरिकों को नशे से होने वाली हानियों से अवगत करवाया जाएगा। उन्होंने सभी अभिभावकों से अनुरोध किया कि युवा होते अपने बच्चों पर दृष्टि रखें। आपका प्यार, जागरूकता आपके बच्चों को नशे से दूर करने में सहयोग करेगा। कार चालक सीट बेल्ट का प्रयोग जरूर करें। टू व्हीलर वाहन चालक हेलमेट का प्रयोग करें। वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग ना करें। अविभावक अपने 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को वाहन चलाने की अनुमति न दे। बुलेट चालक पटाखे बजाने से परहेज करें। नियमों का उल्लंघन करने पर पुलिस अधीक्षक कैथल राजेश कालिया के निर्देश अनुसार सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। सर्दी व धूंध के मौसम में उन्होंने दुकानदारों से आह्वान किया कि बाजारों में चौकीदार की व्यवस्था करें व चौकीदार का आर्थिक सहयोग करे।

# जाली करेंसी गिरोह का पुलिस ने किया खुलासा, सात अभियुक्त गिरफ्तार

## 55,350 की जाली करेंसी, प्रिंटर, कागज व सात मोबाईल बरामद

■ उरई

आज जब कुठोंद थाना पुलिस शातिर, वांछित अपराधियों की धरपकड़ हेतु सघन अभियान चला रहीं थी, तभी पुलिस ने मुखबिर की सटीक सूचना पर,कुठोंद थाना क्षेत्र के ग्राम इटहा कालपी से राहुल नामक युवक को जाली करेंसी के साथ गिरफ्तार कर लिया गया, अभियुक्त की निशान देही पर उस के छह अन्य साथियो को अलग अलग स्थानों से गिरफ्तार कर उन के कब्जे से 55,350 रूपये की नकली करेंसी, प्रेटिंग /स्केण मशीन, सात मोबाईल, रूपये प्रिंट करने का कागज आदि बरामद किये गये।



पूरे मामले का खुलासा करतें हुये एसपी डा दुर्गेश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ में उन्होंने ने बताया कि वह जाली करेंसी निर्माण के बाद उसे विभिन्न बाजारो में अलग अलग खपाते थे, उन्होंने ने जालौन के अलाबा, मथुरा इटावा ओरईया आदि स्थानों पर भी जाली करेंसी की खपत की, गिरफ्तार अभियुक्तों के नाम, राहुल,पुत्र देबेन्द्र निषाद निवासी इतहा कालपी थाना कुठोंद, मोहित पुत्र राज कुमार निषाद निवासी पथरा जनपद इटावा,हरवीर पुत्र राजपाल निवासी ग्राम मुसमना जनपद मथुरा, पुरुषोत्तम पुत्र जगदीश सिंह निवासी उसपार गाँव जनपद मथुरा, योगेश पुत्र सुरेश चंद्र निवासी जनपद मथुरा, कृष्णा चौधरी पुत्र जगन सिंह निवासी जनपद मथुरा, सचिन पुत्र नेतृपाल सिंह निवासी मथुरा बताये गये हैं, सभी अभियुक्तों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही कर उन्हें जेल भेज दिया गया हैं।

# चोरी के आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

■ कोंच



लंबे समय से वांछित चल रहे चोरी के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।ज्ञात हो कि विगत माह मुहल्ला सुभाष नगर निवासी एक व्यक्ति ने मुहल्ला भगत सिंह नगर निवासी कांचा उर्फ सोहेल पुत्र हामिद काजी के खिलाफ घर में घुसकर नगदी और सोने चांदी के जेवर चोरी कर ले जाने के मामले में मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 305, 317(2), 331(2), 351(2) बीएनएस में मामला दर्ज कर प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार राय के नेतृत्व में आरोपी की सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी थी। बुधवार की सुबह मुखबिर की सूचना पर सुरई चौकी प्रभारी संदीप दीक्षित ने पुलिस बल के साथ नगर के कैलिया बाईपास मार्ग से आरोपी कांचा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी की गयी नगदी में से 12 हजार रुपये और सोने चांदी के कुछ जेवर के अलावा एक चाकू बरामद किया है। पुलिस ने पूर्व से दर्ज मुकदमे में आर्म्स एक्ट की बढोत्तरी कर आरोपी को जेल भेज दिया है।

# एसडीएम व सीओ ने अवैध बालू परिवहन करते 2 ओवरलोड ट्रकों को पकड़ कर किया सीज

**कालपी-उरई।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के निर्देश पर रात में उपजिलाधिकारी सुशील सुशील कुमार सिंह व सीओ अवधेश कुमार सिंह की संयुक्त टीम द्वारा जोल्हूपुर मोड़ हाइवे रोड में अवैध खनन एवं परिवहन के खिलाफ अभियान चलाया गया। जोल्हूपुर मोड़ में चैकिंग के दौरान बिना प्रपत्रों के अवैध बालू के ओवरलोड भरे 2 ट्रको को परिवहन करते पकड़ कर टीम के द्वारा सीज करने की बड़ी कार्यवाही की गई है।



प्राप्त जानकारी के मुताबिक 4/5 फरवरी की रात को एसडीएम सुशील कुमार सिंह ल सीओ अवधेश कुमार सिंह, थाना पुलिस की संयुक्त टीम के साथ क्षेत्र में भ्रमण कर रहे थे। तभी जोल्हूपुर मोड़ की सड़क में उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह की टीम ने अवैध खनन तथा ओवरलोड परिवहन के खिलाफ चैकिंग की गई। इस दौरान बिना खनिज प्रपत्रों के ओवरलोड मौरम लादे 2 ट्रकों को परिवहन करते हुए पकड़ लिया ।

उपजिलाधिकारी ने पकड़े गये सभी 2 वाहनों को गल्ला मंडी कालपी के परिसर में पुलिस की अभिरक्षा में सीज कर खड़ा करा दिया गया।चैकिंग अभियान की खबर मिलते ही वाहन चालकों में खलबली मच गयी। उपजिलाधिकारी के मुताबिक पिछले सप्ताह चैकिंग अभियान चला कर 8 वाहनों को सीज किया गया था।

**लुकेशन माफियाओं पर विभाग की लगी नजरः**

खनन निरीक्षक के द्वारा लोकेशन माफियाओं के विरुद्ध कोतवाली कालपी में मुकदमा काम करने तथा तीन नामजद आरोपियों के जेल जाने के बाद संम्बंधित अधिकारियों की रेकी करने वाले लोग भूमिगत हो गए हैं। शेष बचे नामजद आरोपियों तथा अज्ञात लोकेशन वालों की पुलिस तलाश कर रही है। 4/5 फरवरी की रात में एसडीएम तथा क्षेत्राधिकारी की चेकिंग के दौरान हाईवे में लोकेशन माफिया गायब रहे। उच्च अधिकारियों की भी नजर लोकेशन माफियाओं पर लगी हुई है।

# 21 करोड़ की लागत से निर्मित होने वाली सड़क का भूमि पूजन संपन्न

■ कालपी-उरई

लंबे अरसे से उपेक्षित आटा इटौरा मार्ग की 11 किमी. लंबी सड़क के निर्माण कार्य प्रारंभ हो गया है। बुधवार को विधायक के द्वारा सड़क चौड़ीकरण एवं सुंदरीकरण कार्य का भूमि पूजन समारोह धूमधाम पूर्वक संपन्न हुआ।



बुधवार को लोक निर्माण विभाग खंड तृतीय के तत्वाधान में पिपरायां गांव में आयोजित भूमि पूजन समारोह को संबोधित करते हुए विधायक विनोद चतुर्वेदी ने कहा कि आटा-इटौरा मार्ग की हालत बहुत ही खस्ताहाल होने के कारण राहगीरों तथा वाहन ऑपरेटरों को काफी समस्याओं से जूझना पड़ रहा है, उक्त मार्ग का निर्माण कराए जाने का काम शुरू हो चुका है। उन्होंने बताया कि पहले सड़क तीन मीटर चौड़ी थी, लेकिन अब साढ़े पांच मीटर चौड़ाई की सड़क का निर्माण होगा। उन्होंने जनता से संवाद स्थापित करते हुए कहा कि जहां-जहां की उपेक्षित सड़कें हैं, उनका निर्माण करना मेरी प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि जल्द ही जोल्हूपुर- मदारीपुर रोड की 27 किमी. लंबी सड़क को मंजूरी मिल जाएगी। इस अवसर पर कार्यदायी संस्था के इंजी. ब्रजेंद्र सिंह आदि के साथ विधि विधान से भूमि पूजन किया। डॉ. विनोद पुरवार, अन्नू प्रधान, सत्यनारायण वर्मा, अखिलेश कुमार, वैभव कुमार, पुष्पेंद्र कुमार, नीतू कुमार ने फूल माला पहनाकर विधायक तथा अतिथियों का स्वागत किया। समारोह में मनोज चतुर्वेदी, सहायक अभियंता जितेंद्र कुमार, अवर अभियंता बृजेन्द्र सिंह, प्रेस क्लब के तहसील अध्यक्ष सलीम अंसारी, अमित यादव आदि लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## जिला सैनिक बन्धु कमेटी की मासिक बैठक 10 को

**उरई।** जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कमांडर नयन सिंह रावत (अ0प्रा0) ने बताया कि जनपद जालौन के पूर्व सैनिकों एवं वीर नारियों तथा उनके आश्रितों की समस्याओं के निराकरण हेतु जिला सैनिक बन्धु कमेटी की मासिक बैठक मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में 10 फरवरी को, दिन सोमवार को अपराह्न 12.30 बजे विकास भवन सभागार में आयोजित की जायेगी। उन्होंने जनपद जालौन के पूर्व सैनिकों, वीर नारियों तथा उनके आश्रितों को निवेदन किया है कि अपनी समस्याओं के निराकरण हेतु 7 फरवरी तक अपना प्रार्थना पत्र जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय जालौन स्थान उरई में हस्तगत करा दें, एवं मासिक बैठक में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रहने का कष्ट करें।

# बार संघ चुनाव में नाम वापसी के बाद स्थिति हुई स्पष्ट

## सामान्य सदस्य पद पर दाखिल तीन नामांकन पत्र खारिज

■ कोंच

बार एसोसिएशन के चुनाव में बुधवार को नामांकन पत्रों की जांच की गई जिसमें सामान्य सदस्यों के लिए दाखिल किए गए तीन नामांकन पत्र खारिज कर दिए गए हैं।

बार संघ कोंच की जारी चुनाव प्रक्रिया में 3 फरवरी को नामांकन पत्र दाखिल किए गए थे। बार के अधिवक्ता मुहम्मद अफजाल खान व कुलदीप नारायण सौनकिया ने चुनाव अधिकारी को प्रार्थना पत्र दिया था कि कुछ ऐसे लोगों ने भी नामांकन दाखिल किए हैं जो निवर्तमान कार्यकारिणी में भी थे, यह स्थिति बार कौंसिल के मॉडल बायलॉज का उल्लंघन है।

इसी संदर्भ को लेकर ऐल्डर्स कमिटी के चेयरमैन ब्रजेश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में चुनाव अधिकारियों की बैठक संपन्न हुई जिसमें नामांकन पत्रों की जांच में यह स्पष्ट हुआ कि नवलकिशोर जाटव व अशोक कुमार तिवारी वरिष्ठ सामान्य सदस्य व राघवेंद्र निरंजन कनिष्ठ सामान्य सदस्य निवर्तमान कार्यकारिणी में भी इन्हीं पदों पर रह चुके हैं जो बार कौंसिल के मॉडल बायलॉज के अनुसार गलत है लिहाजा ये तीनों नामांकन खारिज किए गए जबकि शेष नामांकन सही पाए गए। इसी के साथ आपत्तिकर्ताओं की आपत्ति निरस्त कर दी गई। इस दौरान निर्वाचन अधिकारी कृष्ण कुमार श्रीवास्तव, जितेंद्र सिंह गुर्जर, अवधेश कुमार द्विवेदी, महेंद्र सिंह निरंजन पुरुषोत्तमदास रिछारिया नरसिंह गहरवार, ओमप्रकाश अग्रवाल द्वितीय आदि उपस्थित रहे।

# कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के प्रोफेसर की तबीयत बिगड़ी, अस्पताल में मौत



■ कानपुर

आईआईटी कानपुर एवं सीएसजेएम विश्वविद्यालय कानपुर द्वारा एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज के तत्वाधान में सतत शहरी विकास के लिए नवाचारी एआई समाधान विषय पर चल रहे दो दिवसीय नेशनल कॉन्फ्रेंस में भाग लेने इंदिरा गांधी राष्टीय जनजातीय विश्वविद्यालय अमरकंटक के प्रोफेसर वी एन मिश्र आए थे।

कांफ्रेंस के समापन सत्र के दौरान दर्शक दीर्घा में बैठे प्रोफेसर मिश्र की अचानक तबियत बिगड़ गई। मौके पर मौजूद सीएसजेएमयू के डॉक्टरों की टीम ने उन्हे तुरंत सीपीआर दिया। तत्काल उन्हे अंबुलेंस से कानपुर के कार्डियोलाजी सुपर स्पेशियलिटी सेंटर भेजा गया। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उनके निधन की दुखद सूचना दी। विवि परिवार दुख की इस घड़ी में प्रोफेसर मिश्र के परिजनों के साथ है।

# बाजार में प्रतिबन्धित व नशीली दवाओं की बिक्री चल रही धड़ल्ले से

■ जालौन-उरई

बाजार में प्रतिबन्धित व नशीली दवाओं की बिक्री धड़ल्ले से चल रही है। इसके साथ ही स्वास्थ्यवर्धक दवाओं के नाम पर स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वाली दवाओं की बिक्री हो रही है। नगर में धड़ल्ले से बिक्री होने के बाद भी औषधि विभाग मूकदर्शक बना हुआ है।

सरकार द्वारा स्वास्थ्य के लिए हानिकारक कुछ दवाओं पर प्रतिबंध लगा रखा है।सरकार द्वारा प्रतिबंधित होने के बाद भी बाजार में कुछ दवाओं की बिक्री हो रही है। युवाओं में स्वास्थ्यवर्धक व शक्तिवर्धक दवाओं की लगातार मांग बढ़ रही है। नशीले पदार्थों से मिलकर बनी दवाओं के प्रयोग से युवाओं में नशा का प्रयोग बढ़ता जा रहा है। युवाओं बढ़ती नशे की लत को लेकर सरकार चिंतित हैं। स्वास्थ्यवर्धक व शक्तिवर्धक दवाओं में नशीले पदार्थों की मिलावट होने की संभावना को देखते हुए जुलाई 2023 माह में राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय की टीम ने नगर में संचालित मेडीकल स्टोर्स पर छापामारी की थी तथा प्रतिबिंबित दवाओं की बिक्री होते पाया था।

टीम ने स्वास्थ्य वर्धक दवाओं में मिलावट होने की जांच के लिए नमूने भी भरे थे। नमूना फेल होने के बाद 2 कम्पनियों के खिलाफ रिपोर्ट भी दर्ज करायी गयी है। इसके बाद भी नगर में प्रतिबन्धित दवाओं के साथ नमूना फेल होने वाली स्वास्थ्य वर्धक व मर्दाना ताकत बढ़ाने वाली दवाओं की बिक्री धड़ल्ले से चल रही है।

मर्दाना ताकत बढ़ाने व स्वास्थ्य वर्धक दवाएं युवाओं के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रही है तथा इनका आदि बना रही है। प्रतिबिंबित दवाएं युवाओं को नशे का आदि बना रही है। इसके बाद भी इन दवाओं की बिक्री लगातार चल रही है तथा औषधि विभाग मूक दर्शक बना हुआ है।

नगर के प्रबुद्ध विकास भारती, अखिलेश लाक्षाकार, मुकेश श्रीवास्तव, प्रदीप परिहार, बटुक शुक्ला ने जिलाधिकारी से मांग की है कि प्रतिबिंबित स्वास्थ्य वर्धक व नशीली दवाओं की बिक्री बंद करायी जाये जिससे युवाओं को नशा की आदत से बचाया जा सके।

# बसंतोत्सव पर बागीश्वरी साहित्य परिषद ने किया काव्य गोष्ठी का आयोजन

■ कोंच

गुप्तेश्वर मंदिर पर बागीश्वरी साहित्य परिषद द्वारा बसंतोत्सव पर्व पर काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया।



संस्था अध्यक्ष मयंक मोहन गुप्ता की अध्यक्षता और रामप्रकाश निरंजन के मुख्य आतिथ्य में आयोजित काव्य गोष्ठी का संचालन आनंद शर्मा अखिल ने किया। भास्कर सिंह माणिक्य द्वारा मां सरस्वती की वंदना से प्रारंभ हुई गोष्ठी में अंतरराज्यीय मंचों के अभिनंदित कवि एवं श्रेष्ठ साहित्यकार नरेंद्र मोहन मित्र ने रचनापाठ करते हुए कहा नफरत की आग बुझते बुझते प्यार हो गई, उस आदमी की जिंदगी हरिद्वार हो गई। वैदेही शरण लौहकर ने कहा अजहूं कंत घरै ना आए दिन बासंती आए, पिउ पिउ रटै पपीहा मन को धीर न धरत धराए। चित्तर सिंह निरंजन ने कहा शारदे शारदे मां शुभ स्वर सरसा दे मां, वीणा वादिनी वर दे वाणी बरसा दे मां। राजेंद्र सिंह रसिक ने रचना बांची बोल अनूठे गीत सुना कर मन को खिला दिया, सपने में जो मिल न पाया उसको मिला दिया। मुन्ना यादव विजय ने रचना बांची मशहूर होना पर मगरूर मत होना, कामयाबी पाकर नशे में चूर मत होना। जुगिंदर सिंह फौजी ने रचना पाठ किया साधना स्वरों में आज सुंदर सजाओ साज, वीणा वीणा वादिनी बजाने चली आओ मां। आनंद शर्मा अखिल, संजय सिंघाल, ओंकारनाथ पाठक, संतोष तिवारी सरल, डॉ. हरिमोहन गुप्त, आशाराम मिश्रा, अमर सिंह यादव आदि ने भी अपनी रचनाएं सुनाईं।

संस्था के मंत्री अरुण कुमार वाजपेयी ने आभार जताया। इस मौके पर कृष्ण कुमार बिलइया, कृष्ण कुमार लोहे वाले, रामबिहारी सोहाने, शंभू पटेल, आशीष कस्तवार, संजय बुहारे वाले, संतोष राठौर, प्रदीप पचौरी, विज्ञान सीरौठिया, हरिश्चंद्र तिवारी, राजू रेजा, हरिशंकर, रोहित पटेल, कमलेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# महाविद्यालयों में हुआ एक दिवसीय एनएसएस शिविर का आयोजन

■ कोंच

एमपीडीसी महाविद्यालय में एनएसएस द्वारा एक दिवसीय साफ़ सफ़ाई कार्यक्रम बुधवार को आयोजित किया गया। एनएसएस इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ अल्पना सिंह के नेतृत्व में स्वयंसेवक छात्र छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर में साफ़ सफाई की। संस्कृत विभाग की असिस्टेंट प्रो. डॉ मधुरलता द्विवेदी ने स्वयंसेवकों को स्वच्छता के प्रति जागरुक किया। इतिहास विभाग के असिस्टेंट प्रो. डॉ ओमप्रकाश यादव ने मानव जीवन में साफ़ सफ़ाई की अहमियत पर प्रकाश डाला।




हिंदी विभाग के असिस्टेंट प्रो. लवकेश कुमार ने कहा कि स्वच्छता से ही हम अपने प्रांगण, संस्था, समाज और देश को स्वच्छ एवं स्वस्थ बना सकते हैं। इस दौरान प्रो. महेंद्रनाथ मिश्रा सहित स्वयंसेवकों में सृष्टि चतुर्वेदी, संतोषी, प्रज्ञा, दीपिन्ति, मुस्कान, रोली, प्रतिज्ञा, सौम्या, अंकिता, अंजलि, शैलजा, हनी अग्रवाल, हार्दिक पटेल, रजा, सक्षम अग्रवाल, रूपेश तिवारी, अंकित पटेल, अरशद, आदित्य, इरशाद अहमद, यश कुमार, शुभ पाटकार, शिवांश तिवारी, कृष्णा केवट, अभिनव, जुनैद आदि उपस्थित रहे।वहीं सेठ बद्री प्रसाद स्मृति महाविद्यालय में एनएसएस इकाई द्वारा द्वितीय सामान्य एक दिवसीय शिविर आयोजित किया गया जिसमें जल संरक्षण विषय पर जागरुक किया गया। स्वयं सेविका दीपा ने कहा कि पृथ्वी पर सभी प्राणियों के जीवन के अस्तित्व के लिए पानी आवश्यक है, खाना खाए बगैर तो कुछ दिनों तक जीवित रहा जा सकता है लेकिन पानी बिन जीवित नहीं रहा जा सकता है। जल का संरक्षण यदि नहीं किया गया तो आने वाली पीढ़ी का जीवन मुश्किल में होगा। महाविद्यालय के कॉर्डिनेटर कन्हैया नीखर और प्रभारी प्राचार्य बृजेंद्र सिंह ने जल संरक्षण को लेकर जागरुक करने पर जोर दिया।तथा कहा की पानी बर्बाद न करे उसे बचा कर रखे।

सार समाचार


## इतालवी नौसेना का युद्धपोत कोलंबो बंदरगाह पहुंचा



**कोलंबो।** इतालवी नौसेना का युद्धपोत (जहाज) एंटोनियो मार्सेग्लिया आज सुबह कोलंबो बंदरगाह पर पहुंचा। श्रीलंका नौसेना ने परंपरा के अनुसार अतिथि जहाज का स्वागत किया गया। एंटोनियो मार्सेग्लिया 144 मीटर लंबा युद्धपोत है। इसकी कमान कमांडर अल्बर्टो बार्टोलोमियो के पास है। इस जहाज पर 199 लोगों का दल है। डेली मिरर के अनुसार, द्वीप में जहाज के प्रवास के दौरान इसके चालक दल को कोलंबो और गैले में कुछ दिलचस्प पर्यटन स्थलों का पता लगाने की उम्मीद है।

## आध्यात्मिक नेता आगा खान का निधन

**लिस्बन (पुर्तगाल)।** स्वैच्छिक संगठन आगा खान डेवलपमेंट नेटवर्क (एकेडीएन) के संस्थापक आगा खान (चतुर्थ) का निधन हो गया।



महज 20 साल की उम्र में दुनिया के लाखों शिया इस्माइली मुसलमानों के आध्यात्मिक नेता बनने वाले खान ने मंगलवार को यहां 88 वर्ष की आयु में आखिरी सांस ली। आगा खान फाउंडेशन और इस्माइली धार्मिक समुदाय ने घोषणा की कि हिज हाईनेस प्रिंस करीब अल-हुसैनी (आगा खान चतुर्थ) और शिया इस्माइली मुसलमानों के 49वें वंशानुगत इमाम का मंगलवार को पुर्तगाल में निधन हो गया।

## हेलीकॉप्टर और विमान टक्कर सभी मृतकों के अवशेष बरामद



**वॉशिंगटन।** वॉशिंगटन डी.सी. में पिछले हफ्ते हुए हेलीकॉप्टर और यात्री विमान की टक्कर में मारे गए सभी 67 लोगों के अवशेष बरामद कर लिए गए हैं, अमेरिकी मीडिया ने मंगलवार को रिपोर्ट किया। एबीसी न्यूज के अनुसार, यूनिफाइड कमांड ने पुष्टि की है कि 66 मृतकों की पहचान हो चुकी है, जबकि एक अन्य की पहचान की प्रक्रिया जारी है। यूनिफाइड कमांड ने बताया कि उसकी टीमें अभी भी पोटोमैक नदी से मलबा हटाने में जुटी हैं, जिसमें विमान के बड़े हिस्से शामिल हैं।

## जेयूआई-एफ की पाक में नए सिरे से चुनाव कराने की मांग



**इस्लामाबाद।** जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम (जेयूआई-एफ) के प्रमुख मौलाना फजलुर रहमान ने पाकिस्तान में नए सिरे से चुनाव कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि 8 फरवरी, 2024 के आम चुनाव में हुई धांधली को कोई छुपा नहीं सकता। जियो न्यूज के अनुसार, जेयूआई-एफ प्रमुख रहमान ने पीटीआई के वरिष्ठ नेता और पूर्व नेशनल असेंबली स्पीकर असद कैसर के मंगलवार को रात्रिभोज में हिस्सा लेने के बाद यह टिप्पणी की।

## बांग्लादेश के सुप्रीम कोर्ट में तीन पत्रकारों पर हमला



**ढाका।** बांग्लादेश के सुप्रीम कोर्ट परिसर में कथित तौर पर बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) कार्यकर्ताओं के हमले में आज कम से कम तीन पत्रकार घायल हो गए। इनके नाम हैं- जावेद अख्तर (एटीएन न्यूज), एकेएम रफीकुल इस्लाम उर्फ हसन जाबेद (एनटीवी) और अजीजुल इस्लाम पन्नू (दीप्तो टीवी)। जावेद अख्तर को इलाज के लिए ककरैल स्थित इस्लामी बैंक अस्पताल ले जाया गया।

### अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बड़ा बयान देते हुए कहा

# गाजा का मालिकाना हक अमेरिका ले और गाजा का पुनर्निर्माण करे

एजेंसी, वाशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बड़ा बयान देते हुए कहा है कि वे चाहते हैं कि गाजा का मालिकाना हक अमेरिका ले और गाजा का पुनर्निर्माण करे। डोनाल्ड ट्रंप ने व्हाइट हाउस में इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन के दौरान कहा कि हम गाजा का मालिकाना लेना चाहते हैं, इसके बाद गाजा में मौजूद खतरनाक बमों और अन्य हथियारों को नष्ट करने की जिम्मेदारी हमारी होगी। अमेरिका ध्वस्त या जर्जर हो चुकी इमारतों का पुनर्निर्माण कराएगा और गाजा का आर्थिक विकास करेगा। इससे गाजा में रोजगार और लोगों को घर मिलेंगे।

ट्रंप ने गाजा में सेना भेजने से नहीं किया इनकार अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि गाजा के पुनर्निर्माण में अगर अमेरिकी सेना की जरूरत पड़ी तो वे सेना को भी गाजा में तैनात करने पर विचार कर सकते हैं। ट्रंप ने कहा कि अगर यह जरूरी हुआ तो हम ऐसा करेंगे। वहीं इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने भी ट्रंप की इस योजना का समर्थन किया और इसे पर खुशी जाहिर की। नेतन्याहू ने कहा कि हम चाहते हैं कि गाजा भविष्य में अब कभी भी इजराइल के लिए खतरा न बने, लेकिन राष्ट्रपति ट्रंप इसे एक नई ऊंचाई पर ले जा रहे हैं। ट्रंप का विचार अलग है और इससे गाजा का भविष्य बदल जाएगा। इस विचार पर ध्यान दिए जाने की जरूरत है। नेतन्याहू ने कहा कि अगर ऐसा हुआ तो इससे इतिहास बदल सकता है।



### 'विस्थापित फिलीस्तीनियों को स्थायी तौर पर गाजा के बाहर बसाया जाए

अमेरिकी राष्ट्रपति ने एक और अहम बात की, जिसमें उन्होंने सुझाव दिया कि गाजा से विस्थापित हुए फिलीस्तीनियों को युद्धग्रस्त गाजा के बाहर स्थायी तौर पर बसाया जाना चाहिए। ट्रंप ने कहा कि 'मुझे नहीं लगता कि लोगों को गाजा में वापस जाना चाहिए। आप अभी गाजा में नहीं रह सकते। हमें दूसरी जगह तलाशने की जरूरत है और यह ऐसी जगह होनी चाहिए, जहां लोग खुशी से रह सकें।' अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि 'बीते एक दशक से देखें तो गाजा में सिर्फ लोगों की जान गई है। यह वर्षों से हो रहा है। अगर हम लोगों को किसी अच्छी जगह फिर से बसा सकें और उन्हें अच्छे घर दे सकें तो इससे लोग भी खुश होंगे।

## ट्रंप के गाजा प्लान से खुश इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू बोले- अगर ऐसा हुआ तो ये इतिहास बदल सकता है

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गाजा को अमेरिकी नियंत्रण में लेने की इच्छा जाहिर की है और कहा है कि अमेरिका गाजा में पुनिर्निर्माण कराएगा। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ट्रंप की इस योजना पर खुशी जताई है और कहा है कि अगर ऐसा होता है तो इससे इतिहास बदल सकता है। नेतन्याहू ने कहा कि 'हमारी कोशिश है कि गाजा अब कभी भी इजराइल की सुरक्षा के लिए चुनौती न बने, लेकिन राष्ट्रपति ट्रंप ने जो सुझाव दिया है, उससे गाजा की तस्वीर बदल सकती है और इस पर ध्यान दिया जाना चाहिए। ये कुछ ऐसा है कि इससे गाजा का इतिहास का बदल सकता है।'

### नेतन्याहू ने बताया गाजा युद्ध से क्या चाहते हैं

इजराइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू अमेरिका दौरे पर हैं और उन्होंने व्हाइट हाउस में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात की। ट्रंप से मुलाकात के बाद मीडिया ने नेतन्याहू से सवाल किया कि क्या वे बंधकों की रिहाई के लिए हो रहे समझौते का समर्थन करते हैं? तो नेतन्याहू ने कहा कि मैं सभी बंधकों की रिहाई के साथ ही युद्ध से जुड़े हमारे उद्देश्यों को पूरा करना चाहता हूं। नेतन्याहू ने कहा कि वे चाहते हैं कि हमास की सैन्य इकाई खत्म हो, और हमास, गाजा पर प्रशासन न करे और गाजा भविष्य में कभी भी इजराइल के लिए खतरा न बने। नेतन्याहू ने कहा कि ये हमारे सिर्फ लक्ष्य नहीं हैं बल्कि हम इन्हें पाकर रहेंगे। डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिका का राष्ट्रपति बनने के बाद अमेरिका दौरे पर पहुंचे पहले विदेशी नेता बनने पर नेतन्याहू ने कहा कि वे इससे सम्मानित महसूस कर रहे हैं। नेतन्याहू ने कहा कि ट्रंप हमेशा से इजराइल के सच्चे दोस्त रहे हैं।

### बांग्लादेश में फिर हिंसा भड़की

## शेख मुजीबुर्रहमान के घर में घुसे लोग, आगजनी और तोड़फोड़ की



एजेंसी, ढाका


बांग्लादेश के कई शहरों में बुधवार देर रात फिर हिंसा भड़क गई। प्रदर्शनकारियों ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के पिता और बांग्लादेश के संस्थापक 'बंगबंधु' शेख मुजीबुर्रहमान के ढाका स्थित धनमंडी-32 आवास पर धावा बोला और तोड़फोड़ की। हिंसा सोशल मीडिया पर 'बुलडोजर जुलूस' के ऐलान के बाद हुई। जब हमला हुआ, तब सुरक्षाबल भी मौजूद थे। भीड़ को वहां से जाने के लिए समझाने की कोशिश की, लेकिन सारी कोशिशें नाकाम रहीं। कुछ उपद्रवी आवास और संग्रहालय में भी घुस गए। बालकनी पर चढ़ गए और तोड़फोड़ की। बताया जा रहा है कि आवास में आगजनी भी की गई है। इसके कई वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं।

### आज हिंसा क्यों भड़की?

बांग्लादेश में अवामी लीग 6 फरवरी से विरोध मार्च निकालने का ऐलान कर चुकी है। यह मार्च शेख हसीना पर लगे कथित मामले दर्ज करने और अल्पसंख्यकों पर हमले के विरोध में निकाला जाना है। इससे पहले 5 फरवरी की रात 9 बजे शेख हसीना अपने समर्थकों के लिए ऑनलाइन भाषण देने वाली थीं। इससे पहले हसीना के विरोधी छात्रों ने इसी दौरान 9 बजे 'बुलडोजर मार्च' निकालने का ऐलान किया। इसके लिए सोशल मीडिया पर प्रचार किया गया। इसमें शेख हसीना के पिता का घर गिराया जाने की बात कही गई, लेकिन प्रदर्शनकारी 8 बजे ही शेख मुजीबुर्रहमान के घर धनमंडी-32 पहुंच गए और तोड़फोड़ शुरू कर दी। इस हिंसा की अगुआई '24 रिवोल्यूशनरी स्टूडेंट-जनता' नाम के छात्र संगठन कर रही है।

# दिल्ली के सिंघासन पर किसकी होगी ताजपोशी

**विनोद कुमार सिंह, स्वतंत्र पत्रकार**



देश की राजधानी में विगत दिनों दिल्ली विधान सभा 5 फरवरी को सम्पन्न होने के शाथ चुनावी समर का शोरगुल शांत हो गया है,लैकिन राजनीतिक दलों के नेता,कार्यकर्ता व समर्थक के मध्य चिन्ता,चिन्तन व चर्चा का दौर जारी है कि दिल्ली के सिंघासन पर किसकी होगी ताजपोशी।आप,भाजपा या कांग्रेस ।* आम आदमी पार्टी की सता बचा पायेगी या भाजपा अपने 27 बर्षो के वनवास को समाप्त करेगी या काँग्रेस जीत का स्वाद चखकर अपने पार्टी व कार्यकत्ताओं को संजीवनी दे सकेगी* सर्व विदित रहे राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के 70 सीटों पर 5 फरवरी को चुनाव हुए।चुनाव समाप्त होते ही टी वी चैनल खास कर खबरिया चैनल की एंकरो ने एग्जिट पल के बोतल मे बन्द जीन खोल कर अपनी आकाओं वाली पाटियों के गुनगान करने लगे जैसे इन्हीं टीवी न्युज एंकरो नें सरकार बनाने लगी।एग्जिट पोल के नतीजों में ज्यादातर पोल्स ने भाजपा की सरकार बना दी है।आम आदमी पार्टी अपनी हैट्रिक जीत से चूकती हुई नजर आ रही है। हालांकि कुछ एग्जिट पोल आम आदमी पार्टी की वापसी का अनुमान लगा रहे हैं और कुछ टक्कर का मुकाबला बता रहे हैं।आप को याद होगा कि वर्ष 2020 के दिल्ली चुनावों में अधिकांश एग्जिट पोल की भविष्यवाणियां गलत साबित हुई थी।वही हाल ही में सम्पन्न हुए हरियाणा विधानसभा चुनावों और लोकसभा चुनावों में भी एग्जिट पोल गलत साबित हुए।जहाँ तक मतदान के प्रतिशत का सवाल है।तो मै स्पष्ट कर दूँ कि चुनाव आयोग के अधिकारिक वेबसाइट के अनुसार इ दिल्ली में इस बार 60.40 फीसदी मत पड़े है वही 2020 के विधान सभा चुनाव में यह आंकड़ा 62.55 फीसदी था। इन आकंड़ से साफ है कि दिल्ली में पिछली बार के मुकाबले इस साल 2.15 फीसदी कम वोट पड़े हैं।अगर 2013, 2015 विधानसभा चुनाव के भी आंकड़ो को देखें तो इस बार सबसे कम वोटिंग हुई है। इसका मतलब है कि 2013 के बाद से सबसे कम वोटिंग इस साल (2025) के चुनाव में हुई है।आप को याद दिलाना चाहूंगा कि आम आदमी पार्टी का उदय 2013 में हुआ था व आप ने पहली बार चुनाव 2013 में ही लड़ा। उस वक्त चुनाव में 2008 की तुलना में करीब 8 फीसदी वोटिंग ज्यादा हुई थी। इसके कारण से कांग्रेस हारी थी और आप को फायदा हुआ था। जिसके परिणाम स्वरूप विधानसभा त्रिशंकु था।चुनाव के बाद कांग्रेस और आप ने मिलकर सरकार बनाई थी मगर यह सरकार ज्यादा दिन तक नहीं टिक सकी। 2015 के किसी भी एग्जिट पोल ने आप को 60 सीटों का आंकड़ा पार करते नहीं दिखाया था और हाँ उस वक्त केवल एक ही भविष्यवाणी की गई थी कि पार्टी 50 से ज्यादा सीटें जीतेगी। एक्सिस माई इंडिया सर्वे ने आप के लिए 53 सीटों का अनुमान लगाया था और यह वास्तविक नतीजों के सबसे करीब था। पुनः 2020 के दिल्ली विधानसभा चुनाव में आठ एग्जिट पोल ने 54 सीटों के साथ आप की शानदार जीत की भविष्यवाणी की थी, भाजपा को 15 सीटों पर और कांग्रेस को लगभग शून्य पर रखा था। एग्जिट पोल की सटीकता पहले की तुलना में काफी बेहतर साबित हुई थी,क्योंकि आप ने 62 सीटों और वीजेपी ने 8 सीटों पर जीत दर्ज की थी।वहीं कांग्रेस ने तो अपना खाता भी खोल पाया था। जहाँ तक दिल्ली में सता के सिंघासन पर ताजपोशी का सवाल है तो इसका फैसला तो दिल्ली की जागरूकता जनता ने अपना फैसला मतपेटियों में डालकर वह निशचिन्त हो गई। असली तस्वीर तो 8 फरवरी को मतगना वाले दिन ही होगे जिसके लिए अभी इंतजार करना होगा कि दिल्ली की सत्ता के सिंघासन पर ताजपोशी किसकी होगी।

### विदेशी हस्तक्षेप पर लगेगी लगाम

## सिंगापुर में नस्लीय सद्भाव पर नया कानून पारित

एजेंसी, सिंगापुर

सिंगापुर में नस्लीय सद्भाव को मजबूत करने वाला एक नया कानून पारित किया गया है। इस कानून का उद्देश्य देश में नस्लीय सद्भाव को बढ़ावा देना और साथ ही विदेशी हस्तक्षेप पर लगाम लगाना है। यह कानून सिंगापुर की संसद में एकमत से पारित हो गया। सिंगापुर में 300 समूह और व्यापारिक संघों को नस्ल आधारित इकाई घोषित किया गया है और इन्हें विदेश से मिलने वाली आर्थिक मदद का खुलासा करना होगा।

**नए कानून से मजबूत होगा नस्लीय सद्भावः** यह कानून मंगलवार को पारित किया गया। सिंगापुर के गृह और कानून मंत्री के षणमुगम ने कहा कि सिंगापुर में पहले से ही नस्लीय सद्भाव को खतरे में डालने वाले आचरण से निपटने के कानून हैं, लेकिन नया कानून इन कानूनों को एक जगह पर लाता है। नए कानून में सामुदायिक सुधारात्मक पहल की भी शुरुआत की गई है, जो कम गंभीर नस्लील अपराधों में आरोपियों को अभियोजन के बदले एक मौका देता है। हालांकि इससे सिंगापुर में मुक्त भाषण पर थोड़ी लगाम लगेगी। षणमुगम ने कहा, 'हमने हमेशा सिंगापुर में नस्लीय सद्भाव को अहम आधार माना है, और इसलिए इस विधेयक को उसी संदर्भ में देखा जाना चाहिए।'



## हमास के साथ युद्धविराम के दूसरे चरण पर चर्चा के लिए कतर टीम भेजेगा इजराइल

**तेल अवीव।** इजराइल और हमास के बीच युद्धविराम की शर्तों के तहत दूसरे चरण की वार्ता के लिए इजराइल जल्द ही कतर में एक प्रतिनिधिमंडल भेजेगा। यह निर्णय प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की अमेरिका यात्रा के बाद लिया गया है, जहां उन्होंने वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारियों से चर्चा की। वाशिंगटन से लौटने के बाद नेतन्याहू इजरायल की राजनीतिक-सुरक्षा कैबिनेट की बैठक बुलाएंगे, जिसमें युद्धविराम समझौते के अगले चरण की समीक्षा की जाएगी और आगे की वार्ता की रणनीति तय की जाएगी। पहले चरण में अब तक 18 बंधकों (13 इजरायली और 5 थाई नागरिकों) को रिहा किया जा चुका है। समझौते के तहत कुल 33 इजरायली बंधकों की रिहाई होनी है, बदले में कई फिलिस्तीनी कैदियों को छोड़ा जाएगा। युद्धविराम के 16वें दिन से शुरू होने वाली वार्ता में शेष 65 बंधकों के भविष्य पर निर्णय लिया जाएगा। हालांकि, इस चरणबद्ध प्रक्रिया की आलोचना भी हो रही है, क्योंकि इससे बंधकों की तत्काल रिहाई में देरी हुई और इजरायल के रणनीतिक लाभ प्रभावित हुए।

### सीनेट कमेटी में करीबी मुकाबले के दौरान तुलसी को 9-8 से जीत मिली

## भारतवंशी तुलसी गबार्ड होंगी राष्ट्रीय खुफिया निदेशक, कोलिन्स वयोवृद्ध मामलों के सचिव

एजेंसी, वाशिंगटन

अमेरिकी संसद सदस्य रह चुकीं भारतवंशी तुलसी गबार्ड अब नेशनल इंटेलिजेंस निदेशक (डीएनआई) का पद संभालेंगी। सीनेट इंटेलिजेंस कमेटी में मतदान के बाद उनकी नियुक्ति का रास्ता साफ हो गया है। द हिल की रिपोर्ट के अनुसार, गबार्ड की नियुक्ति के लिए पूर्ण सीनेट में मतदान होना बाकी है। सीनेट कमेटी में करीबी मुकाबले के दौरान तुलसी को 9-8 से जीत मिली। वोट डेमोक्रेट और रिपब्लिकन पार्टी लाइनों के अनुसार डाले गए। रिपब्लिकन नेता और सीनेट इंटेलिजेंस कमेटी के अध्यक्ष टॉम कॉटन ने बताया कि समिति ने नेशनल इंटेलिजेंस के निदेशक बनने के लिए वोट किया। उनके नाम की पुष्टि के बाद अमेरिका को सुरक्षित रखने के लिए हम उनके साथ काम करने के लिए उत्सुक हैं। इंडियाना से निर्वाचित सीनेटर टॉड यंग ने एलान किया था कि वह गबार्ड का समर्थन करेंगे। इसे बेहद अहम स्विंग वोट माना गया। इनके अलावा सीनेटर सुसान कोलिन्स ने भी गबार्ड का समर्थन किया। इन दोनों सीनेटरों के वोट निर्णायक माने जा रहे थे।



**अमेरिकी सेना को भी सेवाएं दे चुकी हैं तुलसीः** बता दें कि गबार्ड एक पूर्व आर्मी रिजर्व लेफ्टिनेंट कर्नल रही हैं। डेमोक्रेटिक खेमे से अमेरिकी कांग्रेस सदस्या रह चुकीं गबार्ड ने 2020 के राष्ट्रपति चुनाव में बतौर उम्मीदवार भी अपनी किस्मत आजमाई थी। पिछले साल ही ट्रंप का दामन थामने वाली तुलसी गबार्ड ने कई मौकों पर कहा है कि हजारों खुफिया कर्मी डीप स्टेट सदस्य हैं। अब इनकी जिम्मेदारी तुलसी के पास ही होगी।

बदले नियम

### विदेशी पर्वतारोहियों के रॉयल्टी शुल्क में इजाफा

# पर्वतारोही अकेले नहीं कर पाएंगे माउंट एवरेस्ट की चढ़ाई

एजेंसी, काठमांडू

अब माउंट एवरेस्ट पर पर्वतारोही अकेले चढ़ाई नहीं कर पाएंगे। नेपाल ने पर्वतारोहण नियम में छठवां संशोधन किया है। इसके तहत माउंट एवरेस्ट सहित आठ हजार मीटर से अधिक ऊंचे सभी पहाड़ों पर अकेले चढ़ने पर प्रतिबंध लगा दिया गया। नए नियम के मुताबिक पर्वतारोहण दल के प्रत्येक दो सदस्यों के साथ कम से कम एक ऊंचाई कार्यकर्ता या पर्वतारोहण गाइड होना जरूरी होगा। नेपाल ने अधिसूचना में कहा कि आठ हजार मीटर से अधिक ऊंचाई वाले पर्वत शिखर पर चढ़ते समय पर्वतारोहण दल के प्रत्येक दो सदस्यों के साथ कम से कम एक ऊंचाई कार्यकर्ता या गाइड अवश्य होना चाहिए। जबकि अन्य पर्वतों पर चढ़ते समय पर्वतारोहण दल को अपने साथ कम से कम एक गाइड होगा अनिवार्य होगा। नया नियम लागू होने के बाद चोटियों पर अकेले चढ़ने पर लगाम लगेगी। सरकार का कहना है कि किसी भी व्यक्ति को उसके अनुभव की परवाह किए बिना अकेले पहाड़ पर चढ़ने की अनुमति नहीं दी जाएगी। यह नियम अब अल्पाइन और अभियान शैली के पर्वतारोहियों पर भी लागू होगा। सरकार ने वसंत ऋतु में दक्षिण मार्ग से माउंट एवरेस्ट की चोटी पर चढ़ने का प्रयास करने वाले विदेशी पर्वतारोहियों के लिए रॉयल्टी शुल्क को बढ़ाकर 15000 अमेरिकी डॉलर प्रति व्यक्ति कर दिया है। मार्च से मई के बीच हिमालयी राष्ट्र में पर्वतारोहियों की बड़ी आमद होती है। पहले इसकी फीस 11,000 अमेरिकी डॉलर हुआ करती थी। वहीं सितंबर से नवंबर तक चलने वाले शरद ऋतु के लिए पर्वतारोहण रॉयल्टी को भी 5,500 अमेरिकी डॉलर से बढ़ाकर 7,500 अमेरिकी डॉलर कर दिया गया है। इसके अलावा दिसंबर से फरवरी तक चलने वाले शीतकालीन अभियान और जून से अगस्त तक चलने वाले मानसून अभियान की फीस भी मौजूदा 2,750 अमेरिकी डॉलर से बढ़ाकर 3,750 अमेरिकी डॉलर कर दी गई है।



### बेस कैंप में नहीं जा सकेंगे परिवार के सदस्य

नेपाल ने पर्वतारोहियों के परिवार के सदस्यों, गाइडों और उच्च ऊंचाई वाले बेस कैंप के कर्मचारियों को भी बेस कैंप में जाने से प्रतिबंधित कर दिया है। नए नियम के अनुसार पर्यटन विभाग से पहले अनुमोदन ले चुके परिवार के सदस्यों को बेस कैंप में दो दिनों से अधिक समय तक रहने की छूट दी जा सकती है।

### अधिकारियों के वेतन-भत्ते भी बढ़े

नेपाल सरकार ने पर्वतारोहियों के अलावा संपर्क अधिकारियों के दैनिक भत्ते, उच्च ऊंचाई वाले गाइडों और पर्वतारोहियों द्वारा भुगतान किए जाने वाले बेस कैंप कर्मचारियों के दैनिक वेतन में वृद्धि की है। संपर्क अधिकारियों का दैनिक वेतन 500 रुपये से बढ़कर 1600 रुपये हो गया है। सरदारों को अब 500 रुपये से बढ़ाकर 1,500 रुपये प्रतिदिन मिलेंगे। वहीं उच्च ऊंचाई वाले गाइडों का वेतन 350 रुपये से बढ़कर 1200 रुपये प्रतिदिन हो गया है। बेस कैंप कर्मचारियों का दैनिक वेतन 300 रुपये से बढ़कर 1000 रुपये हो गया है।

### प्रधानमंत्री बायरू ने बजट किया पारित

## फ्रांसः अविश्वास प्रस्ताव का समर्थन नहीं करेगी दक्षिणपंथी पार्टी

एजेंसी, पेरिस

फ्रांस की सरकार के खिलाफ नेशनल असेंबली में लाए गए अविश्वास प्रस्ताव का धुर दक्षिणपंथी नेता ले पेन की पार्टी नेशनल रैली समर्थन नहीं करेगी। इससे साफ है कि फ्रांस के प्रधानमंत्री पद पर बने रहेंगे और देश का 2025 का बजट पारित हो जाएगा। पार्टी ने कहा कि हम अस्थिरता लाभ नहीं उठाएंगे। उधर, प्रधानमंत्री फ्रांस्वा बायरू ने सोमवार को 2025 के बजट को सांसदों के वोट के बिना ही स्वीकृत कराया। दक्षिणपंथी नेशनल रैली के अध्यक्ष जॉर्डन बार्डेला ने कहा कि मौजूदा दौर में फ्रांसीसी अस्थिरता के नए दौर का लाभ नहीं उठाएंगे। वहीं वामपंथी न्यू पॉपुलर फ्रंट गठबंधन पहले ही कह चुका है कि वह अविश्वास प्रस्ताव का समर्थन नहीं करेगा क्योंकि यह फ्रांस को बजट देने का समय है। दरअसल, फ्रांस के नए प्रधानमंत्री फ्रांस्वा बायरू की सरकार के खिलाफ नेशनल असेंबली में कट्टर वामपंथी दल अविश्वास प्रस्ताव लाया है।



संपादकीय

# एग्जिट पोल में भाजपा

**दिल्ली** विधानसभा की 70 सीटों पर वोटिंग खत्म होने के बाद 11 एग्जिट पोल आए। 9 में भाजपा को बहुमत तो 2 में आम आदमी पार्टी की सरकार बनने का अनुमान है। अगर दिल्ली के पिछले चुनाव के एग्जिट पोल की बात की जाए तो सभी एग्जिट पोल औंधे मुंह गिर चुके हैं। 2013, 2015, 2020 में सभी एग्जिट पोल गलत साबित हुए थे। कोई भी अनुमान से आसपास नहीं था। क्या 2025 के एग्जिट पोल भी गलत हो सकते हैं? इसका पता आठ फरवरी को चलेगा। लेकिन इतना कहा जा सकता है कि इस बार आम आदमी पार्टी को बंपर बहुमत नहीं मिलने जा रहा तो भाजपा फिसड्डी साबित नहीं होने जा रही है। कांग्रेस का खाता खुल जाए तो गनीमत मानिए। अगर दिल्ली की जनता आम आदमी पार्टी को नकार देती है, तो यह माना जाएगा कि उसे अब फ्री नहीं चाहिए। शिक्षा, स्वास्थ्य और बिजली पर जो रियायत आम आदमी पार्टी दे रही है शायद ही कोई सरकार दे सके। आम आदमी पार्टी की उम्मीद इस पर टिकी है कि जनता उसके काम के आधार पर वोट देगी। लेकिन अक्सर देखा गया है कि काम करने वाली सरकारों को जनता नकारती रही है। अगर भाजपा को एग्जिट पोट के अनुसार सफलता मिलती है, तो इस में हिंदुत्व का बड़ा योगदान हो सकता है।

**'आप' की उम्मीद इस पर टिकी है कि जनता उसके काम के आधार पर वोट दिया है। लेकिन अक्सर देखा गया है कि काम करने वाली सरकारों को जनता नकारती रही है।**

अगर आम आदमी पार्टी के उन आरोपों को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता कि मतदाताओं को नकद पैसा बांटा गया, महिलाओं को साड़ियां बांटीं गईं। खबर यह भी आई कि झुग्गी वालों को पैसे देकर उनकी उंगलियों पर स्याही लगा दी गई, जिससे वे वोट नहीं दे सकें। झुग्गी वालों को आमतौर पर आम आदमी पार्टी का वोटर माना जाता है। अगर भाजपा को बहुमत मिलता है तो वो 27 साल बाद सत्ता में लौटेगी। इससे पहले 1993 में भाजपा ने 49 सीटें जीतीं थीं और 5 साल में तीन मुख्यमंत्री बनाए थे। मदनलाल खुराना, साहिब सिंह वर्मा और सुषमा स्वराज। इस बार भाजपा ने मुख्यमंत्री को कोई चेहरा सामने नहीं किया था। अगर भाजपा को बहुमत मिलता है तो यह देखना दिलचस्प होगा कि कौन मुख्यमंत्री बनता है? चुनाव के दौरान जनता का मूड जानने के लिए दो तरह के सर्वे किए जाते हैं। वोटिंग से पहले के सर्वे को ओपिनियन पोल कहते हैं। जबकि वोटिंग के दौरान होने वाले सर्वे को एग्जिट पोल कहा जाता है। आम तौर पर एग्जिट पोल के नतीजे आखिरी फेज की वोटिंग खत्म होने के एक घंटे बाद जारी किए जाते हैं। एग्जिट पोल बहुत बार सटीक नहीं बैठते। कभी-कभी तुक्का लग जाता है।

पाठकवाणी

### स्थानीय नीति 1932 लागू हो

**विविधता** में एकता हमारे देश की धड़कन है। यहां सभी जाति, धर्म के लोग परस्पर सौहार्द के साथ रहते हैं। हमारा संविधान भी अपने नागरिकों को इसका अधिकार देता है। इसी आधार पर किसी प्रदेश के वासी अन्य प्रदेश में रोजी-रोजगार का अवसर पाकर वहां जाते हैं। उनकी उम्र वहीं गुजरती है और अंततः वे वहीं अपने लिए जमीन भी तलाश लेते हैं। उनके साथ-साथ उनकी संस्कृति भी वहां जड़ें जमाने लगती हैं। फिर एक समय ऐसा भी आता है जब वही प्रवासी, रोजगार के अवसरों पर कब्जा करके मूलवासियों के हितों पर हमला करने लगते हैं। ऐसी दशा में उक्त स्थानीय मूलवासी ठगा हुआ महसूस कर अपने अस्तित्व की रक्षा हेतु तमाम रास्ते तलाशने लगते हैं। इसी क्रम में कुछ आंदोलनकारी बन जाते हैं तो कुछ उग्रवादी। ऐसी परिस्थितियां हालांकि दुष्कर अवस्था में ही पनपती हैं, लेकिन इन्हीं को ध्यान में रखते हुए संविधान के अनुच्छेद 15 (3) में यह विवेचित किया गया है कि यदि राज्य को यह प्रतीत होता है कि नियोजन में अपने निवासियों को वरीयता नहीं मिल रही है तो इस हेतु उपबंध प्रदान करे, और इसी आधार पर देश के कई राज्यों ने स्थानीयता प्राप्त कर ली है। अगर स्थानीय नीति नहीं बनी तो आने वाले समय में झारखंडियों का विस्थापन और पलायन विकट रूप धारण कर लेगा, क्योंकि बाहरी लोग उनके लिए छोटे-मोटे रोजगार भी नहीं छोड़ेंगे।

**-संदीप कुमार**, मधुपुर (झारखंड)

कुछ खास



अमेरिका सवा सात लाख भारतीयों को अवैध बता कर इंडिया भेज रहा है। हाथ में हथकड़ी, पैरों में जंजीर लगाकर ट्रंप सरकार भारतीयों को जबरन भारत वापस भेज रही है और मोदी सरकार चुप्पी साधे बैठी है। शर्म इस सरकार को आती नहीं!

**-रणदीप सुरजेवाला**, कांग्रेस नेता

आज का ट्वीट



''ट्रंप के लिए हवन और जश्न मनाने वाले अमृतसर एयरपोर्ट पर कब पहुंचेंगे? ट्रंप ने पहली खेप भेज दी है, खबरों के मुताबिक भारतीयों के पैर बंधे हुए हैं...शर्मनाक!''

**-निगार परवीन**

# भीड़ प्रबंधन के लिए तंत्र जरूरी

सामयिक



**शाहीन सबा**

अभी हाल ही में प्रयाग कुंभ में मौनी अमावस्या के स्नान पर्व पर हुई दुखद भगदड़ में बड़ी संख्या में स्नानार्थी कुचल कर या दम घुटने से काल कवलित हो गये। बहुत से घायल होकर अपना इलाज करा रहे हैं और एक बड़ी तादाद में लोगों के गुम हो जाने का समाचार है। इस बार कुंभ की व्यवस्था में आधुनिक तकनीक तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता का व्यापक पैमाने पर उपयोग किया गया था तथा अस्थाई पैंटून पुलों की एक बड़ी तादाद खड़ी की गई थी। द्रोण तथा हेलीकॉप्टर से निगरानी की व्यवस्था थी। चप्पे-चप्पे पर सीसीटीवी लगे हुए थे और पुलिस कर्मियों का बहुत बड़ा अमला, एम्बुलेंस, अस्थाई अस्पताल तथा फायरबिग्रेड करोड़ों तीर्थयात्रियों की सुरक्षा एवं सहायता के लिए तैनात थे।

इन सबके बाद भी गंभीर अनहोनी घट गई। जिस दिन इन सब व्यवस्थाओं के पूरी तरह चाक चौबंद एवं सतर्क होने की आवश्यकता थी, उसी दिन ये सब असहाय एवं विफल हो गये। इसका एक बड़ा कारण था कि बावजूद सभी अत्याधुनिक तकनीकी व्यवस्थाओं पर निर्भरता के, जो सबसे ज्यादा जरूरी था वह था प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों का अपने दिमाग का त्वरित इस्तेमाल करना जो या तो किया नहीं गया या फि र गलत दिशा में किया गया। भीड़ प्रबंधन के लिए जो सबसे ज्यादा बिंदु व्यवस्था हेतु तय किए जाने थे और जो तय नहीं किए गए या फिर जिनका पालन नहीं किया गया उनमें प्रमुख थे:



भीड़ की संभावित संख्या, भीड़ को स्नान तट तक पहुंचने देने के रास्तों का खुला होना, कितने लोग किस किस घाट पर डायवर्ट किए जाएंगे-उसकी संख्या, नगर प्रवेश के विभिन्न नाकों पर आगमन की सही सही रिकार्डिंग और वाहन नियंत्रण, भीड़ होल्डिंग के मैदान और होल्डिंग का समय, होल्डिंग एरिया में पीछे से आने वाले लोगों के दबाव की संभावना से निबटने की योजना, आगम और निकास के पृथक पृथक रास्तों की व्यवस्था, नगर में प्रवेश करते ही लोगों को अलग-अलग मार्गों की तरफ भेजने का उद्घोषणा एवं सूचना तंत्र, पैंटून पुलों को निकास के लिए खुला रखा जाना, एम्बुलेंस एवं फायरबिग्रेड के आने जाने के सुरक्षित कोरिडोर, वीआईपी लोगों के मूवमेंट पर बड़े स्नान पर्व के दो दिन पहले और एक दिन बाद तक सख्ती से रोक, भीड़ की एंट्रेंस, होल्डिंग एवं एग्जिट व्यवस्था , कंटीजेंसी और इमरजेंसी प्लान की प्रशासन के सभी अंगों को जानकारी होना, शहर में प्रवेश से पहले ही प्रत्येक दिशा में बड़े वाहन वर्किंग की व्यवस्था इत्यादि इत्यादि।

**केंद्र सरकार विशेषज्ञों की एक कमेटी बना कर इस तरह के अत्यधिक बड़े सार्वजनिक आयोजनों एवं धार्मिक स्थलों की व्यवस्था हेतु एक ब्लू बुक निर्देशिका तैयार कराये और सभी सरकारें, प्रशासन तथा एजेंसियां इसी के आधार पर प्रबंध एवं व्यवस्था करने के लिए बाध्य हों**

इस बार के कुंभ में प्रशासन ने आय बढ़ाने के लिए कुंभ मैदान के एक बड़े हिस्से को महंगे टैंट होटलों तथा दुकानों के लिए किराए पर दे दिया जिसके कारण स्नानार्थी भीड़ के आवागमन के लिए खुला मैदान अपेक्षाकृत रूप से सीमित हो गया जो एक बड़ी परेशानी का कारण हो गया। उपरोक्त समस्त या इनमें से अधिकांश बिंदु किसी भी विशाल सार्वजनिक आयोजन प्रबंधन के प्रधान अंग होते हैं और विश्व के समस्त देशों में इन्हीं के आधार पर पूर्व व्यवस्था कर ली जाती हैं। यहां तक कि यूरोप एवं लातिन अमेरिका के देशों में तो फुटबॉल मैचों के दौरान भी इसी व्यवस्था में कार्य होता है। सऊदी अरब में हज के दौरान भी सारी व्यवस्था इन्हीं बिंदुओं के आधार पर होती है हालांकि वहां भी कुछ अवसरों पर भगदड़ में मौतें हुई हैं। स्पेन में सांड दौड़ की भीड़ को भी इन्हीं नियमों के आधार पर नियंत्रित किया जाता है। भारत में जहां वीवीआईपी सुरक्षा के लिए एक ब्लू बुक बनी हुई है जिसका संबंधित लोग और एजेंसियां सख़्ती से पालन करते हैं वहीं भीड़ प्रबंधन के लिए कोई नियमावली या ब्लू बुक नहीं है और प्रशासन अपने आकलन और स्थानीय स्थिति को देखकर दिन-प्रतिदिन के हिसाब से अपनी व्यवस्था बनाता है और लागू करता है। इस व्यवस्था को भी वीआईपी लोगों का मूवमेंट जब तब ध्वस्त कर देता है।

इस तदर्थ व्यवस्था के अपने खतरे हैं और जब कुछ अवांछित घट जाता है तो अचानक से ये व्यवस्थाएं विफल हो जाती हैं और दुखांतिका घट जाती है। प्रयाग कुंभ में 1954 और 2025 में, वीर बहादुर सिंह के कार्यकाल में हरिद्वार कुंभ में, बांके बिहारी मंदिर वृंदावन में, महाकाल मंदिर उज्जैन के गलियारे में, जोधपुर किले के देवी मंदिर में, 2013 में प्रयाग कुंभ के दौरान रेलवे प्लैटफॉर्म पर और महाराष्ट्र आदि में भी कुछ धार्मिक स्थलों पर दर्शनार्थियों की भीड़ में इसी नियमावली की अनुपस्थिति के कारण दुर्घटनाएं हुई और बड़ी संख्या में लोग हताहत भी हुए।

कुंभ जैसे बड़े धार्मिक आयोजनों में वीवीआईपी लोगों का लगातार आना जाना भी एक बड़ी परेशानी का कारण रहता है। इनके मूवमेंट से एक तरफ तो सामान्य जन का मूवमेंट जबरन रोक कर रखा जाता है और दूसरी तरफ प्रशासन तथा सुरक्षा एजेंसियों की अधिकतर ऊर्जा इन लोगों की देख-रेख में खर्च हो जाती है। प्रयाग कुंभ में भी ऐसा ही हुआ। भारत में यह एक बड़ी बीमारी बन चुकी है। इस बार के कुंभ में प्रशासन ने आय बढ़ाने के लिए कुंभ मैदान के एक बड़े हिस्से को महंगे टैंट होटलों तथा दुकानों के लिए किराए पर दे दिया जिसके कारण स्नानार्थी भीड़ के आवागमन के लिए खुला मैदान अपेक्षाकृत रूप से सीमित हो गया जो एक बड़ी परेशानी का कारण हो गया।

कुंभ जैसे पौराणिक धार्मिक आयोजनों में आने के लिए सरकार की तरफ से न्यौता नहीं दिया जाता है बल्कि लोग पंचांग देखकर स्व प्रेरणा से हजारों वर्षों से आते रहे हैं। इस बार राज्य सरकार ने अपने स्तर पर व्यापक प्रचार करके और घर घर पीले चावल बांट कर लोगों को कुंभ आने के लिए प्रेरित किया बगैर यह आकलन करे कि प्रयागराज त्रिवेणी संगम की क्षमता कितनी भीड़ को संभालने की रही है।

धार्मिक स्थलों को वाणिज्यिक दृष्टि से देखने और इनसे अर्थ कमाने की मंशा के कारण केंद्र और राज्य सरकारें प्राचीन परंपराओं का अनुपालन करने के स्थान पर उन स्थलों को पर्यटक एवं मनोरंजन स्थलों के तौर पर विकसित करने लग जाती हैं जिसके कारण भी भीड़ बढ़ती है और व्यवस्था संभालना मुश्किल हो जाता है। यही अनियंत्रित भीड़ कभी भी त्रासदी बन सकती है। संवेदनशील हिमालय क्षेत्र के चार धामों को पर्यटक स्थलों के तौर पर विकसित करने में भी यही भय बना हुआ है। केदारनाथ त्रासदी को तो देशवासी अभी भूले ही नहीं हैं। बनारस, अयोध्या, उज्जैन का कोरीडोरीकरण भी भविष्य के खतरे का संकेत दे रहा है।

इसीलिए यह समय का तकाजा है कि केंद्र सरकार विशेषज्ञों की एक कमेटी बना कर इस तरह के अत्यधिक बड़े सार्वजनिक आयोजनों एवं धार्मिक स्थलों की व्यवस्था हेतु एक ब्लू बुक निर्देशिका तैयार कराये और सभी सरकारें, प्रशासन तथा एजेंसियां इसी के आधार पर प्रबंध एवं व्यवस्था करने के लिए बाध्य हों और इस बाध्यता के साथ व्यक्तिगत तथा संस्थागत अकाउंटेबिलिटी का भी क्लाज जुड़ा हुआ हो।


# मनुष्य में अनमोल गुणों का भंडार-हम सफलताओं का हर दिन एक नया इतिहास रच सकते हैं

## चुप रहना और माफ करना दो अनमोल हीरे - चुप रहने से बड़ा कोई जवाब नहीं, माफ कर देने से बड़ी कोई सजा नहीं!

**मानवीय जीव में जन्म से ही भरपूर कौशलताएं समाई हुई है बस पहचान कर निखारने की जरूरत - एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र**



**एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र**





**गोंदिया** - मानवीय जीव इस सृष्टि में अनमोल हीरा है। मनुष्य में अनमोल गुणों का भंडार समाया हुआ है, परंतु हम अपने आप की शक्ति को पहचानने की कोशिश नहीं करते बल्कि हमेशा दूसरों की ताकझांक करते रहते हैं। हर क्षेत्र में दूसरों से प्रतियोगिता करने पर उतारू हो जाते हैं,कुछ नया करने की नहीं सोचते।अपनी बुद्धि का सकारात्मक उपयोग लेने पर अगर हम उतारू हो गए!तो हम सफलताओं का हर दिन एक नया इतिहास रच सकते हैं क्योंकि इतनीं बुद्धि कौशलता हर एक भारतीय में समाई हुई है। बस!जरूरत है उसे पहचान कर निखारने की परंतु हम अपने ही बढ़ बोलेपन से घिरे रहते हैं, दूसरों की टांग खींचने में हमको मजा आता है। किसी भी नकारात्मक विस्तार वादी बात को समाधान कर समाप्त करना जैसे हमने सीखे ही नहीं? जबकि भारत माता की मिट्टी में ही मानवीय गुणों की खान समाई हुई है जिसे हमें चुनकर अपनाना है। आज हम इस आर्टिकल के माध्यम से गुणों की खान के दो हीरे चुप रहना और माफ करना पर चर्चा करेंगे। साथियों बात अगर हम मानवीय अनमोल गुण चुप रहने की करें तो, बड़े बुजुर्गों की इस पर दो कहावतें हैं (1) बोलत बोलत बड़े बिखात, पहली कहावत का भावार्थ है, अति बोलने से ही बातें बिगड़ती है झगड़े दंगे फसाद मारपीट हत्याएं तक हो जाती है इसलिए चुप भली,(2) अति का भला ना बोलना अति की भली न चूप, अति का भला न बरसना अति की भली न धूप, याने दूसरी कहावत का भावार्थ अति चुप रहने को भी नकारा गया है याने अन्याय के खिलाफ चुप रहना हानिकारक है। परंतु हमें इसका निर्णय अपने समाज और राष्ट्र के फायदे को देखकर ही लेना है परंतु मेरा मानना है चुप रहने से कई फायदे हैं और सामने वाले को सटीक जवाब भी मिल जाता है। बोलने से पहले हमें याद रखना होगा के (1) बिना तथ्य के ना बोले (2) शब्दों से ठेस ना पहुंचे (3) पवित्र वस्तुओं सेवाओं का अपमान ना करें (4) क्रोध में चुप रहे (5) मुद्दे से संबंध ना होने पर चुप रहें (6) शब्दों से किसी को ठेस ना पहुंचे (7) चिल्लाने से चुप भली(8)अपमान से ना बोलें (9) जरूरत पड़ने पर सकारात्मक बोलें (10) निंदा से बचें। साथियों बात अगर हम चुप रहकर भी अपनी दिमागी ताकत से जवाब देने की करें तो, चुप रहना और कुछ समय तक खुद को स्थिर रखना हमको एक अच्छा श्रोता और समीक्षक बनाता है। ऐसा इसलिए क्योंकि जब हम चुप रहते हैं तो हम बोलने की बजाय अधिक से अधिक सुनते हैं और उसका विश्लेषण कर पाते हैं। इससे हम पूरे तर्क और वितर्कों को जानने के बाद सही फैसला ले पाते हैं। हम सभी पक्षों को सुनते,समझते और डिसिजन ले पाते हैं। चुप रहना हमारे दिमाग को शांत करता है और हमको लॉजिकल समीक्षक बनाता है हमारे चुप रहने से अनेक बार सामने वाले को सटीक जवाब भी मिल जाता है। साथियों हमारे शरीर का सबसे जटिल हिस्सा दिमाग होता है। ये पूरे शरीर को चलाता है और ये हमारे सभी इमोशंस को कंट्रोल करता है। ऐसे में जरूरी है कि हम अपने दिमाग को भी व्यायाम करवाएं। जिस तरह शरीर को मजबूत बनाने के लिए शारीरिक व्यायाम जरूरी है, उसी तरह दिमाग को मजबूत बनाने के लिए उनकी ताकत बढ़ाना जरूरी है। मौन रहना दिमाग के लिए एक व्यायाम जैसा ही है और इससे दिमाग की मांसपेशियां तंदरुस्त रहती हैं।चुप रहने के अपने शारीरिक और मानसिक फायदे भी हैं? विशेषज्ञ मानते हैं कि चुप रहने से व्यक्ति दिमागदार और उत्पादक बनने की और अग्रसर होता है जिससे उनके मानसिक और शारीरिक स्वाध्याय स्वास्थ्य सुधार होने की संभावना बनी रहती है। व्यर्थ का बोलना ऊर्जा को नष्ट करना है, और यह बोलना ही हमें कभी अपने भीतर की ओर लौट ने नहीं देता , क्योंकि यह हमें बाहर की ओर झुकाए रखता है और जिन्हें भीतर की यात्रा करनी है उन्हें अपने मुंह को बंद ही रखना चाहिए। चुप रहने में अद्भुत शक्ति है। साथियों बात अगर हम किसी को माफ करने की करें तो, खुद को दुख पहुँचाने या धोखा देने वाले व्यक्ति को माफ करना सबसे कठिन काम है। हालाँकि, यदि हम किसी के साथ अपने संबंधों को सुधारना चाहते हैं, तो उस के लिए हमको माफ करना सीखना भी जरूरी है या फिर सीधे तौर पर बीते हुए पलों को भुलाकर, आगे बढ़ने की कोशिश करें। नकारात्मक भावनाओं से निपटना सीखें, हमको दुख पहुँचाने वाले व्यक्ति का सामना करें और अपने जीवन में आगे बढ़ते जाएँ। क्षमा करना पसंद करें, क्योंकि बड़े बुजुर्गों की कहावत भीहै क्षमादान महादान, क्षमा करके भी हम सामने वाले को एक यादगार सजा के रूप में दे सकते हैं। क्षमा की भावना लेकर, हमको नकारात्मकता को अपने से दूर करने और जीवन में आगे बढ़ने के लिए एकदम सचेत और सक्रिय निर्णय करने की जरूरत है। यह भावना आसानी से नहीं पनपती। खुद के अंदर क्षमा की भावना उत्पन्न करने के लिए हमको ही इस दिशा में कार्य करने की जरूरत है। साथियों लोग अक्सर इस तरह की बातें करते हैं, कि वे उस इंसान को नहीं भुला सकते, जिसने उन के साथ कुछ गलत किया है। वे ऐसा मानते हैं, कि अपने अंदर मौजूद दर्द और धोखा मिलने की भावना को भूलना उन के लिए असंभव है। लेकिन लोग इस बात को महसूस करने में नाकाम रह जाते हैं, कि क्षमा करना भले ही हमारी पसंद है, लेकिन अगर हम उस व्यक्ति को क्षमा करने का निर्णय लेते हैं, जिसने हमको कष्ट दिया हैं, तो यदि इस निर्णय से किसी को लाभ होता है, तो वो सिर्फ.हम हैं और सामने वाले को हमेशा के लिए उस माफी के रूप में एक सजा और हमारा बड़प्पन। जीवन में माफी मांगने की कला बहुत लोगों को बहुत अच्छे से आती है तो वहीं कुछ लोगों को माफी मांगना उतना ही कठिन लगता है. दरअसल माफी मांगना या फिर किसी को क्षमा करना उतना भी सीधी-सादी बात नहीं है, लेकिन ऐसा करने के बाद व्यक्ति बड़ा सुकून मिलता है. हमारे यहां क्षमा को वीरों का आभूषण कहा गया है. जिससे व्यक्ति के जीवन में अहंकार दूर होता है और वह स्वस्थ मन से जीवन जीता है इसलिए भूल करना मनुष्य का स्वभाव है लेकिन क्षमा करना देवताओं का गुण है। अतःअगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि मनुष्य में अनमोल गुणों का भंडार है। हम सफलताओं का हर दिन एक नया इतिहास रच सकते हैं।उनमें चुप रहना और माफ करना दो अनमोल हीरे हैं। चुप रहने से बड़ा कोई जवाब नहीं और माफ कर देने से बड़ी कोई सजा नहीं। मानवीय जीव में जन्म से ही भरपूर कौशलताएं समाई हुई है बस पहचान कर निखारनें की जरूरत है।

**-संकलनकर्ता लेखक - कर विशेषज्ञ स्तंभकार साहित्यकार अंतरराष्ट्रीय लेखक चिंतक कवि संगीत माध्यमा सीए(एटीसी) एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र 9284141425**

तीखी नजर

# धर्म में राजनीति राजनीति में धर्म



राजशेखर चौबे

महत्वपूर्ण लोगों का महत्व कभी कम नहीं होगा। यह सनातन परंपरा है। सनातन धर्म में भी वीआईपी का बोलबाला है, यकीन न हो तो महाकुंभ चले जाइए। महाकुंभ में स्नान से सारे पाप धुल जाते हैं, ऐसा अधिकतर लोगों का मानना है। महाकुंभ में स्नान से पाप तो धुल जाएंगे लेकिन हो सकता है मोक्ष न मिले। कुछ वर्षों तक इसी पापी संसार में रहना होगा। मोक्ष के लिए क्या करना होगा? मोक्ष के लिए मरना जरूरी है। मोक्ष का उपाय एक बाबा ने बताया है, उनका कहना है कि जो भी कुंभ के भगदड़ में मरे हैं उन्हें मोक्ष की प्राप्ति होगी! ये बाबाजी भी जरूर मोक्ष चाहते होंगे। भगवान उनकी इच्छा शीघ्र पूरी करें।

किसी भी हादसे या भगदड़ की जिम्मेदारी से बचने का सबसे आसान उपाय है, उसे षड्यंत्र करार देना। यह काम सरकारें बखूबी करती रही हैं। भगदड़ या किसी हादसे में मरने वालों की संख्या का सरकारी आंकड़ा हमेशा कम होता है। इस बार भी है। क्या जिनका नाम सरकारी आंकड़ों यानी मुआवजा पाने वालों की सूची में नहीं है, उन्हें भी मोक्ष की प्राप्ति होगी? क्या ऊपर जाकर भी आधार, परिचय पत्र, पैन आदि की जांच नहीं होगी? कुंभ जाने वाले करोड़ों लोगों की रोज गिनती हो रही है, पर भगदड़ में मरने वालों की सही गिनती किसी को मालूम नहीं है। अब तो भगदड़ की संख्या की भी खोज की जा रही है। पहले के कुंभ के भगदड़ पर राजनीति करने वालों का मानना है कि महाकुंभ के इस भगदड़ पर राजनीति नहीं होना चाहिए। खुद पुराने हादसों को समाने लाकर जमकर राजनीति करते हैं।

आजकल धर्म में राजनीति है या राजनीति में धर्म है, यह फैसला करना कठिन हो गया है। आज राजनीति में झूठ का बोलबाला है। हिटलर के प्रचार मंत्री डॉ गोएबल्स ने कहा था- एक झूठ को अगर कई बार दोहराया जाए तो वह सच बन जाता है। आज के मीडिया वाले उनके नातियों का कहना है, इतना ज्यादा झूठ बोलो कि सच भी झूठ लगने लगे। भगदड़ के बाद मीडिया में ब्रेकिंग न्यूज चल रही थी- दो घंटे के भीतर ए ने बी से तीन बार बात की। इस बात का दावा किया जा रहा है कि कुछ लोग भगदड़ से प्रसन्न हैं। ऐसे लोग क्या पहले के भगदड़ से प्रसन्न थे? इस भगदड़ से हर कोई दुखी है और हम सबसे ज्यादा दुखी है हमारी गंगा मैय्या। सब दुखी हैं। सबसे ज्यादा वे दुखी हैं, जिनके लोग लापता हैं, मिल नहीं रहे हैं। उन्हें यहां से वहां, वहां से यहां दौड़ाया जा रहा है। हाथ कुछ नहीं आ रहा है।

महाकुंभ में ज्यादातर लोग पाप धोने के लिए जा रहे हैं। कुछ मोक्ष प्राप्ति के लिए जा रहे हैं। कुछ सयाने (उम्र से नहीं) लोग लाइक, शेयर, सब्सक्राइब और फॉलोवर्स के लिए जा रहे हैं। पहले शाही स्नान में साधु संतों को प्राथमिकता मिलती थी। अब यह प्राथमिकता आज के शहं-शाह को मिलने लगी है। पहले साधु संतों को नेता नहलाते थे। अब नेता को साधु संत नहला रहे हैं! क्या भगवान कल्कि के अवतरित होने का समय आ गया है!!

## सार संक्षेप

### डब्ल्यूपीएल : गुजरात जायंट्स ने एश्ले गार्डनर को बनाया टीम का कप्तान



**नई दिल्ली** : गुजरात जायंट्स ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2025 के लिए ऑस्ट्रेलिया की ऑलराउंडर एश्ले गार्डनर को टीम का कप्तान बनाया है। एश्ले गार्डनर को बेथ मूनी की जगह गुजरात जायंट्स का कप्तान बनाया है। जायंट्स के मुख्य कोच माइकल क्लिंगर ने कहा कि मैं मूनी को उनके अत्यधिक मूल्यवान नेतृत्व के लिए धन्यवाद, अब वह विकेटकीपिंग और ओपनिंग बल्लेबाजी लाइनअप पर ध्यान केंद्रित कर पाएंगी। वह हमारे टीम की एक प्रमुख खिलाड़ी बनी हुई हैं। क्लिंगर ने गार्डनर को लेकर कहा कि वह एक कड़ी प्रतियोगी हैं। उनकी खेल जागरूकता, सामरिक कौशल और खिलाड़ियों को प्रेरित करने की क्षमता उन्हें गुजरात जायंट्स की कप्तानी के लिए आदर्श विकल्प बनाती है। हमारा मानना है कि वह आगे बढ़कर नेतृत्व करेंगी और टीम को एक सफल अभियान की ओर ले जाएंगी। गार्डनर ने कप्तान बनाए जाने पर कहा कि गुजरात जायंट्स का कप्तान बनाया जाना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है। मुझे इस टीम का हिस्सा बनना बेहद पसंद है और मैं आगामी सत्र में इस शानदार समूह का नेतृत्व करने के लिए उत्साहित हूं। हमारे पास युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का एक बेहतरीन मिश्रण है और हमारी टीम में बहुत सारी भारतीय प्रतिभाएं हैं। मैं टीम के साथ काम करने और अपने प्रशंसकों को गौरवान्वित करने के लिए उत्सुक हूं।

### कोलकाता में होगा हरियाणा और मुंबई के बीच क्वार्टर फाइनल

**मुंबई** : हरियाणा और मुंबई के बीच शुक्रवार को होने वाले क्वार्टर फाइनल मुकाबले को लाहली की जगह कोलकाता स्थानांतरित कर दिया गया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आयोजन स्थल में देर से बदलाव की सूचना दी हैं। हालांकि बोर्ड ने इस स्थानांतरण का कारण नहीं बताया है। इस मामले में हरियाणा क्रिकेट संघ के अधिकारियों की ओर कोई टिप्पणी नहीं आयी है। मंगलवार शाम को बोर्ड द्वारा सूचित किए जाने के बाद मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) को अब कोलकाता के लिए उड़ान भरने की व्यवस्था करनी है। दोनों टीमों के बुधवार देर रात कोलकाता पहुंचने की उम्मीद है। हरियाणा की तरह जम्मू-कश्मीर को भी घरेलू मैदान पर खेलने का फायदा नहीं मिलेगा क्योंकि केरल के साथ होने वाला क्वार्टर फाइनल जम्मू से पुणे के स्टेडियम में स्थानांतरित कर दिया गया है। जम्मू-कश्मीर क्रिकेट एसोसिएशन (जेकेसीए) कड़ाके की सर्दी के कारण मैदान की स्थिति को लेकर चिंतित था और उसने इस बारे में बीसीसीआई को बता दिया था। जेकेसीए मुंबई या अहमदाबाद में इस मैच की मेजबानी करने का इच्छुक था, लेकिन ये दोनों जगह उपलब्ध नहीं होने के बाद मैच को पुणे में आयोजित करने पर फैसला हुआ।

### द्रविड़ की कार को लोडिंग-ऑटो ने पीछे से टक्कर मारी, कोई चोटिल नहीं

बेंगलुरु : पूर्व भारतीय क्रिकेटर राहुल द्रविड़ की कार को एक लोडिंग ऑटो ने पीछे से टक्कर मार दी। घटना बेंगलुरु में मंगलवार (4 फरवरी) की शाम करीब 6:30 बजे की है। यह स्पष्ट नहीं है कि घटना के वक्त द्रविड़ खुद अपनी कार चला रहे थे या नहीं। घटना के बाद द्रविड़ को ड्राइवर के साथ बहस करते देखा गया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, पूर्व भारतीय कोच बेंगलुरु के इंडियन एक्सप्रेस जंक्शन से हाई ग्राउंड्स की ओर जा रहे थे, तभी कनिंघम रोड में उनकी कार ट्रैफिक में फंस गई और इस दौरान ऑटो चालक ने पीछे से टक्कर मार दी। डेक्कन हेराल्ड के मुताबिक, इस घटना में किसी को चोट नहीं आई और न ही कोई मामला दर्ज कराया गया। घटना के बाद द्रविड़ ने ऑटो चालक का फोन और गाड़ी का रजिस्ट्रेशन नंबर लिया। द्रविड़ को ऑटो ड्राइवर से बहस करते देखा गया। सड़क किनारे से गुजर रहे एक राहगीर ने वीडियो कैप्चर किया, जो सोशल मीडिया में वायरल है। वीडियो में द्रविड़ अपनी मूल भाषा कन्नड़ में बात कर रहे हैं। सिटीजंस मोमेंट ईस्ट बेंगलुरु नाम के अकाउंट ने द्रविड़ की बहस का वीडियो पोस्ट किया। राहुल द्रविड़ की कोचिंग में भारतीय टीम ने पिछले साल टी-20 वर्ल्ड कप का खिताब जीता था। टीम ने साउथ अफ्रीका को 7 रन से हराया था। द्रविड़ को नवंबर 2021 में भारत का हेड कोच बनाया गया था। तब टीम इंडिया टी-20 वर्ल्ड कप के ग्रुप स्टेज से ही बाहर हो गई थी।

# स्लालम में गायत्री ने जीता स्वर्ण पदक

## आंध्र की गायत्री,एमपी के केवट ने कायक क्रॉस व कैनो स्लालम में कब्जाया गोल्ड

देहरादून

**38वें** राष्ट्रीय खेल के कायक क्रॉस और कैनो स्लालम की प्रतियोगिता के दूसरे दिन बुधवार को रफ्तार तथा ताकत का जबरदस्त मुकाबला देखने को मिला। यह प्रतिस्पर्धा पौड़ी के फूल चट्टी गोल्फ कोर्स रैपिड्स में आयोजित की जा रही है, जिसमें देश भर के श्रेष्ठ खिलाड़ी अपनी चुनौती पेश कर रहे हैं।

महिला के-1 स्लालम में आंध्र प्रदेश की नगिदी गायत्री ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने 267.578 सेकंड में रेस पूरी की और पहले स्थान पर रही। मध्य प्रदेश की शिखा चौहान ने सिल्वर पदक हासिल किया, उनका समय था 304.235 सेकंड। महाराष्ट्र की जान्हवी राईकवार ने 471.648 सेकंड में रेस पूरी की और कांस्य पदक पर कब्जा जमाया। इसके विपरीत, पुरुष सी-1 स्लालम में मध्य प्रदेश के विशाल केवट ने गोल्ड मेडल जीता। उनका समय था 226.109 सेकंड। मेघालय के इंद्र शर्मा ने 390.163 सेकंड में रेस पूरी की और सिल्वर पदक पर कब्जा किया। कर्नाटक के दादा पीर ने 448.252 सेकंड में अपनी रेस पूरी की और कांस्य पदक पर अपनी जगह बनाई। इस प्रतियोगिता का आयोजन गुरुवार को भी जारी रहेगा, जिसमें और भी बेहतरीन मुकाबले देखने को मिलेंगे।





### उत्तराखंड के उत्कृष्ट द्विवेदी ने लॉन बॉल में जीता स्वर्ण

38वें राष्ट्रीय खेल के लॉन बॉल इवेंट में उत्तराखंड के खिलाड़ी उत्कृष्ट द्विवेदी ने अंडर-25 पुरुष वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया। उन्होंने तीन बार के राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता असम के बिट्टू दास को हराकर यह बड़ी उपलब्धि हासिल की। उत्कृष्ट की यह जीत उत्तराखंड के लिए गर्व का क्षण है, क्योंकि राज्य ने पहली बार राष्ट्रीय खेल में लॉन बॉल स्पर्धा में भाग लिया था और पहली ही बार में पदक जीतकर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई। जीत के बाद उत्कृष्ट ने कहा कि मैच काफी टक्कर का था और आखिरकार मैं तीन बार के गोल्ड मेडलिस्ट से जितना मेरे लिए बहुत खुशी का पल है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने कोच, सचिव-जनरल और फेडरेशन अध्यक्ष को दिया। साथ ही उन्होंने उत्तराखंड की माननीय खेल मंत्री रेखा आर्या का विशेष धन्यवाद किया, जिन्होंने 38वें राष्ट्रीय खेल से पहले खिलाड़ियों के लिए प्रशिक्षण शिविर आयोजित कराया, जिससे उन्हें अपनी क्षमता को और निखारने का मौका मिला। उत्तराखंड के लिए यह ऐतिहासिक क्षण है, क्योंकि राज्य ने पहली बार लॉन बॉल स्पर्धा में भाग लिया और सीधे स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। इस जीत से राज्य में लॉन बॉल खेल को और अधिक प्रोत्साहन मिलेगा और आने वाले वर्षों में उत्तराखंड के खिलाड़ी इस खेल में नई ऊंचाइयों को छूने के लिए प्रेरित होंगे।

### लॉन बॉल स्पर्धा के पांचवें दिन झारखंड का दबदबा, दिल्ली और उत्तराखंड भी जीते

38वें राष्ट्रीय खेल में लॉन बॉल स्पर्धा के पांचवें दिन कई रोमांचक फाइनल मुकाबले खेले गए। झारखंड ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण पदक अपने नाम किए, जबकि दिल्ली, पश्चिम बंगाल और उत्तराखंड ने भी खिताबी जीत दर्ज की। मॅस पेयर्स के फाइनल में झारखंड ने असम को एकतरफा मुकाबले में 25-04 के बड़े अंतर से हराया। वहीं, वूमेन फोर्स के फाइनल में भी झारखंड ने पश्चिम बंगाल को 18-08 से मात दी। इसके अलावा, अंडर-25 गर्ल्स के फाइनल में झारखंड ने असम को 21-20 से हराकर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। अंडर-25 विमेंस में झारखंड के लिए मैच जीतने के बाद बसंती कुमारी ने कहा कि मैच काफी मुश्किल था, लेकिन हमने अच्छा खेल दिखाया और गोल्ड मेडल जीता। उत्तराखंड आकर बहुत अच्छा लगा, हम फिर से यहां आना चाहेंगे। मेंस ट्रिपल्स के खिताबी मुकाबले में दिल्ली ने झारखंड को 25-08 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। वहीं, वूमेन सिंगल्स के फाइनल में पश्चिम बंगाल की खिलाड़ी ने झारखंड को 21-08 से हराकर खिताब अपने नाम किया। अंडर-25 बॉयज कैटेगरी का फाइनल मुकाबला असम और उत्तराखंड के बीच बेहद रोमांचक रहा। उत्तराखंड ने 21-20 के नजदीकी अंतर से जीत हासिल कर स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। अंडर-25 बॉयज में जीत के बाद उत्तराखंड के उत्कृष्ट द्विवेदी ने कहा, रउत्तराखंड पहली बार नेशनल गेम्स में लॉन बॉल खेल रहा है। यह स्वर्ण पदक जीतकर बहुत खुशी महसूस हो रही है। मेरी जीत का पूरा श्रेय मेरे कोच, सेक्रेटरी जनरल और फेडरेशन के अध्यक्ष जी को जाता है। लॉन बॉल के मुकाबले 6 फरवरी से फिर शुरू होंगे, जिसमें मेंस फोर्स, मॅस सिंगल्स, वूमेन पेयर्स और वूमेन ट्रिपल्स के इवेंट खेले जाएंगे। दर्शकों को आने वाले दिनों में और रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे।



### सुरुचि ने जीता स्वर्ण हरियाणा का 10 मीटर एयर पिस्टल पर दबदबा

त्रिशूल शूटिंग रेंज में 38वें राष्ट्रीय खेल के अंतर्गत हुए शूटिंग मुकाबलों में देशभर के निशानेबाजों ने बुधवार को भी शानदार खेल दिखाया। दिन के मुख्य आकर्षणों में 10 मीटर एयर पिस्टल महिला फाइनल और 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन्स पुरुष वर्ग का क्वालिफिकेशन दौर शामिल रहा। 10 मीटर एयर पिस्टल महिला फाइनल में हरियाणा की सुरुचि ने 245.7 अंकों के शानदार स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता। जबकि हरियाणा की ही पलक ने 243.6 अंकों के साथ रजत पदक हासिल किया। पंजाब की सिमरनप्रीत कौर बरार ने 218.8 अंकों के साथ कांस्य पदक पर कब्जा जमाया। 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन्स पुरुष वर्ग के फाइनल में कुल 33 निशानेबाजों ने भाग लिया।

### रोइंग में उत्तर प्रदेश के पुनीत व आदिल की जोड़ी ने जीता रजत पदक

उत्तराखंड में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेल में उत्तर प्रदेश ने रोइंग में रजत पदक जीता। टिहरी में आयोजित रोइंग की स्पर्धा में पुरुष कॉक्सलेस पेयर में उत्तर प्रदेश के पुनीत कुमार व मो.आदिल की जोड़ी ने कड़ी चुनौती पेश की और 7:15.5 के समय के साथ चांदी अपने नाम की। वहीं मामूली अंतर से आगे रहे मध्य प्रदेश के मनमोहन व भीम सिंह ने 7:11.4 के समय के साथ स्वर्णिम सफलता हासिल की। दूसरी ओर उत्तराखंड के जसवीर सिंह व हरिंदर सिंह को 7:24.2 के समय के साथ कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। वर्तमान में देवरिया में खेल कोटे से युवा कल्याण अधिकारी के पद पर तैनात लक्ष्मण अवार्डी पुनीत कुमार एशियन गेम्स 2023 में रजत व कांस्य पदक विजेता है।



# रोहित-कोहली की निगाहें वनडे सीरीज पर

● नागपुर, वार्ता

**टी-20** सीरीज जीतने के बाद उत्साहित भारतीय क्रिकेट टीम इंग्लैंड के खिलाफ आज से शुरु हो रही तीन मैचों सीरीज के पहले एकदिवसीय मुकाबले को जीतकर बढ़त बनाने के इरादे से उतरेगी।

चैंपियंस ट्रॉफी से पहले हो रही तीन मैचों की यह सीरीज दोनों टीमों के लिए महत्वपूर्ण है। पिछले वर्ष बारबाडोस में आईसीसी खिताब जीतने वाली भारतीय टीम से एक बार फिर बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। वही इंग्लैंड टी-20 सीरीज में निराशाजनक हार के बाद फॉर्म हासिल करने का प्रयास करेगा। भारत ने 2023 विश्व कप के बाद से सिर्फ छह वनडे खेले हैं, लेकिन अपनी मुख्य टीम के अधिकांश खिलाड़ियों को बरकरार रखा है। कप्तान रोहित शर्मा और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली 50 ओवर के प्रारूप में फॉर्म हासिल करना चाहेंगे। भारतीय टीम में स्पिनरों को जगह दी गई। जबकि चोटिल जसप्रीत बुमराह की जगह हर्षित राणा को टीम में शामिल किया गया है। बुमराह चोट के कारण पहले दो एकदिवसीय मैच से बाहर रहेंगे। बुमराह के अनुपलब्ध होने के कारण तेज गेंदबाजी का जिम्मा अर्शदीप सिंह और नई गेंद से वापसी करने वाले मोहम्मद शमी पर होगा। भारत की तैयारियों को लेकर कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि दबाव में अच्छा प्रदर्शन करने की टीम की क्षमता पर उन्हें भरोसा है। रोहित ने कहा कि हम खिलाड़ियों की उपलब्धता के बारे में अनिश्चित हैं, इसलिए हम टीम में संतुलन सुनिश्चित करना चाहते थे।



**इंग्लैंड के खिलाफ पहला वनडे मैच आज दोपहर 12.30 से**

### मेरा पूरा ध्यान वनडे सीरीज और चैंपियंस ट्रॉफी पर है : रोहित

**नागपुर, वार्ता** : भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि इस समय मेरा पूरा ध्यान इंग्लैंड के साथ होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला और चैंपियंस ट्रॉफी पर है। खराब फार्म से जूझ रहे रोहित ने आज से शुरु हो रही एकदिवसीय सीरीज से पहले अपने भविष्य के सवाल पर कहा कि इस समय यहां पर बैठकर मेरे भविष्य की योजना के बारे में चर्चा करने का कोई औचित्य नहीं है पिछले कुछ वर्षो से इस तरह की रिपोर्ट्स काफी चर्चा में रही हैं और मैं इनका जवाब नहीं देना चाहता। मेरे लिए यह तीन मैच और चैंपियंस ट्रॉफी अधिक महत्वपूर्ण हैं इसलिए मेरा ध्यान अभी इसी पर केंद्रित है। उन्होंने फार्म सवाल पर कहा कि यह अलग प्रारूप है, अलग समय है। एक क्रिकेटर के तौर पर हम जानते हैं कि हमारे साथ उतार-चढ़ाव का समय आएगा। मैंने अपने करियर में कई बार इस तरह के दौर सामना किया है यह मेरे लिए नया नहीं है। उन्होंने कहा कि हम जानते हैं कि हर दिन एक नया दिन होता है और हर सीरीज नई होती है। मैं सामने आने वाली चुनौतियों से निपटने के बारे में सोच रहा हूं।

# अभिषेक-तिलक टी-२० शीर्ष रैंकिंग के करीब

## रैंकिंग में 38 स्थान की छलांग के साथ दूसरे स्थान पर पहुंचे अभिषेक शर्मा

● दुबई, वार्ता

**भारत** के अभिषेक शर्मा और तिलक वर्मा इंग्लैंड के खिलाफ हाल ही में घरेलू श्रृंखला शानदार प्रदर्शन कर नवीनतम आईसीसी पुरुष टी-20 खिलाड़ी रैंकिंग में बड़ी छलांग लगाकर शीर्ष के करीब पहुंच गए है।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ओर से जारी ताजा रैंकिंग के अनुसार मुंबई में इंग्लैड के खिलाफ पांचवें मैच में 54 गेंदों में 135 रनों की तूफानी पारी खेलने वाले अभिषेक बल्लेबाजों के लिए अंतरराष्ट्रीय टी-20 रैंकिंग में 38 स्थान की छलांग के साथ शीर्ष के बेहद करीब दूसरे स्थान पर पहुंच गये है। ऑस्ट्रेलिया के स्टार ट्रैविस हेड टी-20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर बने हुए हैं, लेकिन वानखेड़े में अपने रिकॉर्ड-तोड़ प्रयासों के बाद अभिषेक उनसे सिर्फ 26 रेटिंग पॉइंट पीछे हैं, जबकि भारत के तीन खिलाड़ी शीर्ष पांच में हैं। तिलक वर्मा तीसरे और कप्तान सूर्यकुमार यादव पांचवें स्थान पर हैं और सभी हेड के करीब हैं, जबकि भारत के साथी हार्दिक पांड्या (पांच पायदान ऊपर चढ़कर 51वें स्थान पर) और शिवम दुबे (38 पायदान ऊपर 58वें स्थान पर) भी इंग्लैंड के खिलाफ कुछ अच्छे स्कोर के बाद टी-20आई बल्लेबाजों की रैंकिंग में बड़ी छलांग लगाई हैं। वहीं अंतरराष्ट्रीय टी-20 गेंदबाजों की ताजा रैंकिंग की भी यही कहानी है, स्पिनर वरुण चक्रवर्ती जोस बटलर की टीम के खिलाफ 14 विकेट और प्लेयर ऑफ द सीरीज के प्रयास के दम पर तीन पायदान ऊपर चढ़कर दूसरे स्थान पर आ गए हैं। टीम के साथी रवि बिश्नोई (चार पायदान ऊपर छठे स्थान पर) भी इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में पांच विकेट लेने के बाद टी-20 गेंदबाजों की सूची में ऊपर आ गए हैं।






वेस्टइंडीज के स्पिनर अकील होसेन ने एक सप्ताह पहले आदिल राशिद के हाथों अपना स्थान गंवाने के बाद फिर से नंबर वन गेंदबाज का बन गये है। वहीं टेस्ट की बात की जाये तो हाल ही में टेस्ट रैंकिंग में कई ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों ने बढ़त हासिल की है और हाल ही में गॉले में पहले टेस्ट के दौरान श्रीलंका को पारी और 242 रनों से हराने के उनके शानदार प्रदर्शन को देखते हुए यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है। कार्यवाहक कप्तान स्टीव स्मिथ ने अपने 35वें टेस्ट शतक के बाद टेस्ट बल्लेबाजों की अपडेट रैंकिंग में तीन पायदान की छलांग लगाकर पांचवां स्थान हासिल किया है, जबकि सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ने इस दौरान 232 रन का अपना सर्वोच्च टेस्ट स्कोर बनाने के बाद छह पायदान की छलांग लगाकर 11वां स्थान हासिल किया है। टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में अनुभवी स्पिनर नाथन लियोन दो पायदान की छलांग लगाकर छठे स्थान पर पहुंच गए हैं और तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क गाले में अपने प्रयासों के बाद दो पायदान की छलांग लगाकर 12वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

# रोमानिया की सिमोना हालेप ने टेनिस को कहा अलविदा

● बुखारेस्ट, वार्ता

**दो** बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन सिमोना हालेप ने टेनिस से संन्यास ले लिया हैं। रोमानिया की टेनिस स्टार हालेप ने इटली की लूसिया ब्रोंजेटी से 6-1, 6-1 से पहले दौर की हार के बाद ट्रांसिल्वेनिया ओपन में कोर्ट पर अपने संन्यास की घोषणा की। मैच के बाद हालेप ने कहा कि मैं अपनी अंतरआत्मा से यह फैसला किया है। मैं विश्व की नंबर एक खिलाड़ी बनी, मैंने ग्रैंड स्लैम जीते, यह अच्छी बात रही मैं यही सब चाहती थी। जीवन ऐसे ही चलता रहता है, टेनिस के बाद भी जीवन है और मुझे उम्मीद है कि हम एक-दूसरे से फिर मिलेंगे।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार दो साल तक चले डोपिंग मामले में डब्ल्यूटीए टूर में वापसी के बाद इस सप्ताह आयोजित उनका पांचवां टूर्नामेंट था। पिछले महीने उन्हें घुटने की चोट के कारण ऑस्ट्रेलियन ओपन क्वालीफाइंग से हटना पड़ा था। हालेप ने 2018 में फ्रेंच ओपन में स्लोएन स्टीफंस को हराकर अपना पहला प्रमुख खिताब जीता था। इसके बाद उन्होंने 2019 में विंबलडन में जीत हासिल की।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सैयद ज़की हैदर के लिए इरानीयन आर्ट प्रिंटर्स 1534 कासिमजान स्ट्रीट दरियागंज नई दिल्ली 11006 से मुद्रित कराकर, 2684 गली काले खां कूचा चलान दरियागंज नई दिल्ली 02 से प्रकाशित किया।
संपादक : सैयद ज़की हैदर- हैड ऑफिस :- एफ19/4 सेकेंड फ्लोर नफीश रोड जामिया नगर दिल्ली- 110025., सम्पर्क सूत्र :- 9911371802, 9810383593
जितेन्द्र कुमार बिस्वाल ब्यूरो चीफ उड़ीसा/ गोविंद कनोडिया/ पटना/ सैय्यद यूसुफ अली नक़वी-पॉलिटिकल एडिटर। ई-मेलः- dailyloktantra@gmail.com

किसी भी प्रकार के विवाद हेतु निपटारे के लिए केवल दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगी।
नोट- किसी भी समाचार/आलेख पर दावा प्रति दावा/आपत्ति समाचार प्रकाशन के 15 दिनों के अन्तराल तक ही मान्य होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

क्षेत्रीय कार्यालय अनवार मंजिल नया टोला गंज नंबर 01 बेतिया/ बिहार/ पिन नंबर 84 5438/>> संवाददाता, सना खान/(डॉ. अमानुल हक) स्थानीय संपादक/बिहार)